


आपका अखबार-आपके समाचार

Postal Regd. NO.Grg/85-24/2013-2015

# गुड़गांव मेल

DAVP, Northern Rly., DIPR Haryana के विज्ञापनों के लिए अधिकृत

साइबर सिटी का हिंदी दैनिक




वर्ष : 7, अंक : 59 पृष्ठ : 8, मूल्य : 3.00 रुपए | गुड़गांव। सोमवार, 29 फरवरी 2016 | gurgaonmaildaily@gmail.com | gurgaonmail.com | fb.com/gurgaonmail

## रोहतक : मण्डलायुक्त चंद्रप्रकाश ने दिया मुआवजा



**शांति प्रकाश जैन/गुड़गांव मेल**

रोहतक, 28 फरवरी। आज मण्डलायुक्त चंद्रप्रकाश ने जाट आरक्षण के दौरान हुई हिंसा में अपना रोजगार खोने वाले रेहडी, पटरी और खोखा चलाकर अपना पेट पालने वाले तीन ऐसे पीडितों को आज दस-दस हजार रूपए बतौर मुआवजा दिया है।

मण्डलायुक्त ने सुमित चुघ पुत्र सुभाष चुघ, अनार सिंह पुत्र औमप्रकाश, बुटाराम पुत्र नाथुराम को मुआवजा के रूप में चेक दिये हैं।

उधर आज हरियाणा सरकार ने भी त्वरित मुआवजा राशि वितरण करने के लिए 203 व्यक्तियों की सम्पत्ति के नुक्सान की राशि के लिए 1 करोड 12 लाख 56 हजार 638 रूपए की अंतरित सहायता राशि जारी की है। यह राशि प्रभावित व्यक्तियों को बैंक खातों में सोमवार 11 बजे तक आरटीजीएस के माध्यम से सीधे तौर पर उनके खाते में ही चली जाएगी।

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि रोहतक जिले में 100 व्यक्तियों की सम्पति के नुकसान के लिए 59,55,833 रुपये की अंतरिम सहायता राशि राशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि झज्जर जिले में 36 व्यक्तियों के लिए 26,55,555 रुपये, सोनीपत जिला के 14 व्यक्तियों के लिए 16,22,500 रुपये, जींद के 49 व्यक्तियों के 9,88,000 रुपये और हिसार के 4 व्यक्तियों के लिए 34,750 रुपये की अंतरिम सहायता राशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन समिति द्वारा सात दिनों के भीतर जांच के पश्चात दावेदारों को पूरा दावा दिया जाएगा। जिन व्यक्तियों को यह अंतरिम सहायता राशि जारी की गई है।

## कहां है राहत, क्या हुई कार्रवाई : कुलदीप

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

हांसी, 28 फरवरी। हजकां अध्यक्ष कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि सरकार द्वारा जोर-शोर से प्रचारित किया जा रहा है कि आरक्षण आंदोलन के पीड़ितों को तुरंत राहत प्रदान की जाएगी तथा उपद्रवियों और दोषी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब तक जांच के लिए स्पेशल टीमें तक गठित नहीं की गई हैं।

हांसी हलके के गांव ढाणी पाल क्षेत्र में करीब तीस घरों को उपद्रवियों ने सामान सहित जला कर तहस-नहस कर दिया। आज उनके पास पानी पीने के लिए मटका और गिलास तक नहीं है। आतंकियों के इस तांडव को हुए एक सप्ताह बीत गया। इसके बावजूद सरकार ने राहत सामग्री के नाम पर अब तक नमक की थैली भी नहीं दी। उन्होंने कहा



कि सरकार के ढुलमुल रवैये के चलते खून के आंसू रो रहे पीड़ितों के बीच मुख्यमंत्री जाकर उनसे नजर मिलाने की हिम्मत जुटाएं। कुलदीप बिश्नोई रविवार को हांसी शहर, हलके के गांव ढाणी पाल, सैनीपुरा, जग्गा बाड़ा व लालपुरा में उपद्रव के शिकार हुए पीड़ितों से बातचीत कर रहे थे। **शेष पेज 2 पर ...**

## खाटू श्याम मित्र मंडल ने हमेशा ही धार्मिक कार्यों में बढ चढकर भाग लिया है : भारद्वाज

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

सोहना, 28 फरवरी। शनिवार को नगर की अनाज मंडी में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ने 11 वां कीर्तन महोत्वस कराया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जितेन्द्र भारद्वाज मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में उच्च कोटी के कलाकरों ने गायन व झॉकियों के माध्यम से बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया।

अनाज मंडी में हुए खाटू श्याम जागरण में आए नगर से सैकडों की संख्या में भक्तों ने आनन्द लिया। इस जागरण समारोह का आयोजना नगर की खाटू श्याम मित्र मंडल ने कराया था। जिसमें उच्च कोटी के कलाकार राजू बावरा, धर्मवीर बृजवासी,




कुलदीप शर्मा, संजू शर्मा, सविता राघव, सुरेन्द्र चौहान आदि थे। जबकि काका झॉकी कलाकारों ने अपने शानदार प्रदर्शन कर सभी दर्शकों के मन को मौह लिया।


इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि नगर का खाटू श्याम मित्र मंडल हमेशा ही धार्मिक कार्यों में आगे रहा है। मंडल द्वारा खाटू श्याम में जो धर्मशाला का निर्माण कार्य चला **शेष पेज 2 पर ...**

## आज कांस्टीच्यूशनल क्लब में व्यापारियों के लिए घोषणा करेंगे मुख्यमंत्री : उमेश

**मौ. जावेद/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 28 फरवरी। जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान हरियाणा में व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सोमवार को दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब में हरियाणा व्यापार मंडल के साथ मिलकर गुड़गांव के विधायक उमेश अग्रवाल द्वारा आयोजित किए जाने वाले एक व्यापारी सम्मेलन में करेंगे।

इस कार्यक्रम के आयोजक, गुड़गांव के विधायक उमेश अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के समक्ष व्यापारियों की तकलीफों को विस्तार से रखा। मुख्यमंत्री के समक्ष व्यापारियों को जाट आरक्षण





आंदोलन के दौरान हुए भारी नुकसान का जायजा लेने और व्यापारियों से बात कर उनके नुकसान के बारे में जानकारी लेने के लिए उन्होंने शुक्रवार को खुद झज्जर, रोहतक व भिवानी का दौरा किया। इन शहरों का दौरा करते हुए उन्होंने वहां बरबादी का जो मंजर देखा वह रोंगटे खड़े कर देने वाला था। उन्हें यह देखकर बेहद पीड़ा हुई कि कई व्यापारियों का सब कुछ इस तरह बर्बाद हुआ कि उनके व उनके परिवार के लिए खाने को दाना तक नहीं बचा।

विधायक उमेश अग्रवाल का कहना है कि इन शहरों से लौटने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनसे आग्रह किया कि व्यापारियों को तत्काल ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता दिया जाना बेहद जरूरी है ताकि वे न केवल अपने कारोबार को किसी प्रकार दोबारा शुरू कर सकें और अपने परिवार का भरण-पोशण भी कर सकें।

विधायक उमेश अग्रवाल का कहना है कि विभिन्न मुख्य व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों से बातचीत कर उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष मांग रखी है कि जिन व्यापारियों के प्रतिश्ठान बलवाईयों **शेष पेज 2 पर ...**

## गुड़गांव : सम्मिट से पूर्व सड़के, ग्रीनरी से चमकने लगा है शहर










**यादराम बंसल/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 28 फरवरी। आगामी 7-8 मार्च को होने वाले सम्मिट हैपनिंग हरियाणा के लिए गुडगांव शहर को चारों तरफ से सजाया जा रहा है। रात दिन सडकों की सफाई, उन्हें चौडा करने, दोनों तरफ फुटपाथ बनाने, लाईटें लगाने, बड़े-बड़े पौधा लगाने का काम चल रहा है।

स्थानीय स्तर पर उपायुक्त टीएल सत्यप्रकाश की निगरानी में नगर निगम इस तैयारियों में महत्वपूर्ण रोल अदा कर रहा है। जाट आरक्षण और हिंसा से जैसे-जैसे प्रदेश के हालात सामान्य हो रहे हैं सरकार इस सम्मिट की तैयारियों में तेजी ला रही है। हूडा के सैक्टर बदल रहे हैं। सम्मिट स्थल दिल्ली के बॉर्डर पर स्थित होटल लीला के चारों तरफ ध्यान लगाया जा रहा है। खासतौर पर जहां मेहमान होटलों में ठहरेंगे। वहां पर अचानक एक राजा की शादी से पूर्व तैयारियों जैसा नजारा नजर आता है। हालांकि प्रशासन ने काफी देरी से तैयारियां शुरू की है। ऐसे बंदोबस्त निगम, हूडा और टाऊन प्लानिंग पहले से ही सामान्य तरीके से कर लेने चाहिए थे।

ज्ञात हुआ है कि नगर निगम रात को सफाई मशीनों का प्रयोग कर सडकों को मिट्टी रहित बना रहा है। सामाजिक संस्थाएं भी इस कार्य में जुटी है। रास्ते में पडने वाले वृक्षों को रंग बिरंगे कलर से लुभावना बनाया जा रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था भी नई नजर आ रही है। इसके लिए पुलिस ने विशेष प्रबंध किये हैं। जाट आरक्षण के दोरान गुडगांव में रही शांति भी इन प्रयासों को उत्साह प्रदान कर रही है। सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये जा रहे हैं। पुलिस गैस्ट हाऊसों और पीजी आदि में असामाजिक तत्वों को खोज रही है। इस बहाने शहर का कायाकल्प नजर आने लगा है।

## हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं : गुर्जर



**खेमचंद गर्ग/गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 28 फरवरी। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि भाजपा सदैव जाटों को आरक्षण देने की पक्षधर रही है और रहेगी, मगर कुछ राजनैतिक ताकतों ने जाटों को केवल बरगलाने का काम किया है। जाटों की हिमायती नेता की पिछली सरकार ने आरक्षण देने के नाम पर जाटों को केवल बरगलाने का काम किया, अगर पहली सरकार सही मायनों में जाट हितैषी होती तो पूर्व की सरकार में ही जाटों को आरक्षण मिल जाता। उन्होंने आम चुनावों से एक दिन पूर्व जाटों को आरक्षण देने की बात कह एक ऐसा सूसा छोड़ा, जिससे प्रदेश का जाट भटक गया, जबकि असल में जाटों को आरक्षण मिला ही नहीं। श्री गुर्जर सेक्टर -21 सी स्थित जिमखाना क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री गुर्जर ने हाल ही में जाट आंदोलन के तहत हुई हिंसा पर बोलते हुए कहा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है लोकतंत्र में धरने प्रदर्शन, अनशन के अहिंसा के रास्ते से भी अपनी बात सरकार तक पहुंचाई जा सकती है। हिंसक आंदोलन धन दौलत, दुकान ऑफिस संस्थान और व्यापारी संगठनो को होने वाले नुकसान की तो भरपाई की जा सकती है लेकिन जो इंसानी जान चली गयी उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आरक्षण की आड में कुछ ऐसी ताकतों ने शांति व्यवस्था को खराब करने का काम किया है, जो नहीं चाहती कि हरियाणा विकास के मामलें आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश उद्योपतियों और व्यापारियों के लिए सबसे सुरक्षित स्थान था, जिसे सोची-समझी साजिश के तहत बिगाडने का काम किया गया है। सरकार ऐसी ताकतों को अच्छी तरह पहचानती है और समय आने पर उनके खिलाफ कार्रवाही की जायेगी। श्री गुर्जर ने कहा कि **शेष पेज 2 पर ...**






## सम्पादकीय


### अब तो सबक लें

जो ध्यान और चौकसी जाट आरक्षण शुरू होने से पहले रखी जानी थी वह अभी भी रखे जाने की जरूरत है। इस आरक्षण की आड में हुए दंगे, निर्दोष लोगों की मौत और नुक्सान की भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन जो गलती पहले की गई वह फिर से न हो इसके लिए प्रयास जरूर होने चाहिए। पहले जाट आरक्षण का समर्थन और विरोध की जो लहर नेताओं के मुंह से चल रही थी उसे सरकार ने नहीं भांपा। केंद्र भी मौन रहा। जिसका परिणाम सबके सामने हैं। असामाजिक तत्वों ने इसका जमकर लाभ उठाया है। आज हिंसा के बाद जब हरियाणा धीरे-धीरे शिशकते-शिशकते सामान्य होने की प्रक्रिया में है कुछ लोग अब ऐसे लोगों को आगे भडकाने की कोशिश कर रहे हैं जो पहले चुप थे। अचानक छुपे हुए नेता 35 बिरादरी, एक बिरादरी के नाम पर जगह-जगह जुलूस निकलवा रहे हैं। बिरादरीवाद का एक नया जहर घोलने का प्रयास हो रहा है। रोहतक जींद, हिसार, सोनीपत, झज्जर और चण्डीगढ, दिल्ली राजष्ट्रीय राजमार्ग पर जिसने भी नुक्सान उठाया है उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त करना गलत नहीं है। उनकी मदद करना भी जरूरी है। इसके लिए सरकार ने भी झौली फैलाई है। लेकिन इस मदद और सहानुभूति के नाम पर एक नया समाज बनाने का प्रयास सराहनीय नहीं कहा जा सकता। एक बार फिर आलोचना का एक नया दौर शुरू करना खतरनाक है। यह एक ऐसा दौरा है जब कलाकार राजनीतिक दल भी सम्भल-सम्मलकर अपनी जुबान खोल रहे हैं। वे अपने वोट बैंक के लिए चिंतित है। दोनों हाथों में लड्डू रखना चाहते हैं। उन्हें डर है कि कहीं कोई एक लड्डू लुढक न जाए। ऐसे में पीडितों की मदद और सहानुभूति के लिए कोई गलत कार्य न हो ऐसे प्रयास होने चाहिए। सत्तारूढ पार्टी के कुछ विधायक और मंत्री भी फिर से नया चेहरा लेकर लोगों में सरकार की असफलता और लोगों की मदद न करने के अपने प्रशासनिक कमियों को छुपाने की कोशिश करते हुए सहानुभूति की बजाए उन्हें भडकाने की कोशिश कर रहे हैं। जो गलत है। सरकार इन पर ध्यान दें।

# निर्दोष लोगों की जान और माल के नुकसान से अत्यंत पीड़ा और बेहद दुखी हूं : मनोहर लाल

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

चण्ड़ीगढ़, 28 फरवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रदेश में पिछले सप्ताह के दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम में निर्दोष लोगों की जान और माल के नुकसान तथा आम जनता को हुई परेशानी से उन्हें अत्यंत पीड़ा और बेहद दुःख हुआ है।



उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों ने कानून को हाथ में लेकर लूटपाट और आगजनी जैसे अपराध किए और सामाजिक तानेबाने को ठेस पहुंचाने का जघन्य प्रयास किया। उन्होंने कहा कि ''मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि ऐसे हर व्यक्ति की पहचान करने और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने में आपकी सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। हम ऑडियो, वीडियो क्लिप और गवाहों के माध्यम से ऐसे सभी लोगों की पहचान करवा रहे हैं, जिसने इस दिशा में कोई भी प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका निभाई हो। मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि यदि आपके पास भी इस तरह की कोई जानकारी हो तो उसे सरकार को दें''।

उन्होंने कहा कि इन घटनाओं में जिस किसी व्यक्ति की निजी सम्पति चाहे वह रिहायसी रही हो या कारोबारी, को जितना नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई सरकार फौरी तौर पर करेगी। इसी प्रकार, सामुदायिक सम्पति जैसे कि धर्मशाला, शिक्षण संस्थान आदि के नुकसान की भी भरपाई होगी। इन घटनाओं में मारे गये निर्दोष व्यक्तियों के परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ-साथ मृतक के परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आंदोलन के दौरान जिला सोनीपत के मुरथल में महिलाओं के साथ कथित अभद्रता की कुछ बातें सुनने को मिल रही हैं। इसे सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है और तीन वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारियों की विशेष जाँच टीम बनाई गई है। इस महिला टीम को आप टेलीफोन से, लिखित रूप में या ऑनलाइन भी अपनी शिकायत या सबूत दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ''आप विश्वास रखिये, यदि ऐसा कुछ भी हुआ है तो उसके दोषी व्यक्तियों को सजा जरूर मिलेगी''।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में सदा से सभी जातियों, धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते आये हैं और रहते रहेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रदेश की जनता इन घटनाओं को पीछे छोड़कर आपसी भाईचारे की कड़ियों को और मजबूत बनाते हुए प्रदेश के विकास में भागीदार बनेगी और हरियाणा एक-हरियाणवी एक की सोच को यर्थाथ रूप देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ''आईये हम सब मिल कर फिर से वही शांति और भाईचारा स्थापित करें''।

**हरियाणा में जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान राज्य में पिछले दिनों हुई आगजनी, लुटपाट व तोड़फोड़ से सम्बन्धित जानकारी सीधे मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने इ`मेल reliefcmharyana@gmail.com और feedback-riotscmharyana@gmail.com और वट्सएप नम्बर 9501053696 जारी किया है।**

**इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास आंदोलन के दौरान हुई किसी भी दुर्घटना का कोई साक्ष्य ऑडियो व वीडियो क्लिप, फोटोग्राफ या अन्य किसी रूप में है, तो वे सीधे उपरोक्त ईमेल व वट्सएप नम्बर पर भेज सकते हैं। आंदोलन के दौरान हुई किसी भी दुर्घटना का कोई साक्ष्य ऑडियो व वीडियो क्लिप, फोटोग्राफ इत्यादि भेजने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।**

# अटल अमृत योजना का 165 करोड का एसएलआईपी अनुमोदन का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाया : जौनापुरिया

**सुरेशपाल/गुड़गांव मेल**

जयपुर, 28 फरवरी। टोंक सवाई माधोपुर से सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने सवाई माधोपुर में नगर परिशद मण्डल के साथ सवाई माधोपुर के शहरी विकास को लेकर चर्चा की साथ ही शहरी विकास के लिए आवश्यक विभाग के अधिकारियों से विकास कार्यो की समीक्षा की। शहर की स्वच्छता व सौन्दर्यकरण को लेकर बनाई गई अटल अमृत योजना की प्रगति पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इस योजना की एसएलआईपीसर्विस लाईन इम्प्रूवमेन्ट प्लान) का अनुमोदन किया गया। जौनापुरिया ने बताया कि इस योजना की प्रथामिकता के अनुसार प्रस्तावित प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 165 करोड रूपये हैं।

सांसद जौनापुरिया ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव जिसकी लागत 40 करोड रूपये हैं को शामिल किया गया हैं। सैप्टेज मैनेजमेन्ट जो कि सीवरेज व्यवस्था हेतु तैयार किया गया है इसकी कार्य लागत लगभग 30 करोड रूपयें हैं। इसकी व्यवस्था से दूशित पानी व मल-मूत्र को समुचित ढंग से शहर के बाहर निकाला जाऐगा। सवाई माधोपुर के नगर परिशद् क्षेत्र में बरसात के पानी की निकासी के लिए उपयुक्त व्यवस्था नही होने से स्टोर्म वाटर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लगभग 4846 करोड के प्रस्ताव को योजना में शामिल किया गया है।



जौनापुरिया ने जानकारी दी कि सवाई माधोपुर शहर, वन्य अभ्यारण व त्रिनेत्र गणेश मंदिर की वजह से यह विश्व प्रसिद्ध जगह हैं इसलिए यहॉ पर देश विदेश के पर्यटको की आवाजाही बनी रहती है। इसलिए नगर परिशद क्षेत्र में विभिन्न मुख्य सडकों पर यातायात दबाब कम करने व सुन्दरता बढाने के लिए रोड के दोनो तरफ फुटपाथ/ साईकिल ट्रेक का निर्माण कार्य, बस शैल्टर्स निर्माण कार्य, खण्डार बस स्टेण्ड के सौन्दर्यकरण कार्य मुख्य स्थानों पर पार्किंग निर्माण कार्य इत्यादि निर्माण कार्य हेतु कुल 4154 करोड रूपये का प्रस्ताव योजना में शामिल किया गया है। वर्ततान में यहॉ जो पार्क है वे पूरी तरह से विकसित नहीं हैं अतः पार्क विकसित करने हेतु 5 करोड रूपये का प्रस्ताव शामिल किया गया हैं।

इस अवसर पर नगर परिशद् के वार्ड पार्शद सुनिता जैन, हंसराज माली, संदीप शर्मा, अल्का शर्मा, राजश्री, नीतू साहू, ममता वाल्मिकी, हेमराज गुर्जर, दीपक चौधरी, सुनिता, डिग्गी, गीता सैनी, गौरधन सैनी, तरवीर, बलविन्दर कौर, साधना सिंह, नर्गिस बानों, गिरधारी लाल रैगर, कपील जैन, पारस चन्द जैन, प्रणव गौतम, मीना हरिजन और नरेश कुमार पहाडिया मौजूद थे।

# दंगाई कै. अभिमन्यु के घर के साथ-साथ परिवार को भी जलाना चाहते थे ?

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

रोहतक, 28 फरवरी। जाट आरक्षण की मांग को लेकर अराजक हुए आंदोलन के चलते हरियाणा के वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के घर आगजनी की घटना की रोहतक में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस मामले में 40 लोग नामजद हैं, जबकि सैकड़ों अन्य पर भी केस दर्ज किया गया है। उपद्रवियों ने घर के सदस्यों को जिंदा जलाकर मारने की भी कोशिश की...

प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 व 20 फरवरी को अराजक हुआ आंदोलन चरम पर था। इसी बीच 19 फरवरी को दोपहर उपद्रवियों की भीड़ सेक्टर-14 सथित वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के घर में घुस गई थी।

इस घटना में 8 लग्जरी कारों को भी आग के हवाले कर दिया गया था, जिनमें कैप्टन अभिमन्यु के आवास में खड़ी घर में खड़ी 8 लग्जरी कारों, 6 दोपहिया वाहन, दो जीप व एक अन्य वाहन भी शामिल थे।

-इस दौरान कैप्टन अभिमन्यु के परिवार के 9 सदस्य भी घर में ही मौजूद थे। उन्हें बड़ी मुश्किल से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

- जाट आरक्षण आंदोलन के नाम पर उपद्रवी फिर भी शांत नहीं हुए थे और 20 फरवरी को दोबारा आग लगा दी गई। अब कैप्टन अभिमन्यु के आवास पर रविवार को ही सद्भावना यज्ञ भी हुआ।

-रविवार को कैप्टन भी आगजनी की घटना के बाद पहली बार अपने आवास पर आए और मुआयना किया। आज रविवार को दर्ज एफआईआर के मुताबिक सैकड़ों उपद्रवियों की भीड़ धारा 144 का उल्लंघन करते हुए हाथों में



लाठी, डंडे, सरिए, लोहे की रॉड, हथियार और पेट्रोल बम लिए हुए कैप्टन अभिमन्यु के घर में घुस आई।

उपद्रवियों ने वहां तैनात पुलिस गार्द, कर्मचारियों और घर के सदस्यों पर हमला कर दिया। पुलिस के हथियार छीनकर फायरिंग की गई। यही नहीं घर के सदस्यों को जिंदा जलाने तक की कोशिश की गई। इसके अलावा घर में रखा सारा कीमती सामान लूट लिया गया और फिर घर को आग के हवाले कर दिया गया।

कैप्टन अभिमन्यु के रिश्तेदार रोहित सिंधु की शिकायत पर रोहतक के सेक्टर-14 की पुलिस चौकी में केस दर्ज हुआ है।

कई छात्रों के अलावा दो वकीलों समेत 40 नामजद आरोपियों के अलावा अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 148, 149, 186, 188, 307, 353, 395, 427, 436, 452, 120 बी, 25-54-59 के तहत केस दर्ज किया गया है।

**करेंगे पीड़ितों की मदद**

हरियाणा के वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पिछले दिनों राज्य में हुई दुखद घटना में उनके घर को हुए नुकसान को लेकर सरकार व प्रशासन द्वारा जो भी सहायता उन्हें दी जाएगी, वे उस सहायता राशि को पीड़ित एवं प्रभावित गरीब व्यक्तियों को देंगे ताकि उन व्यक्तियों का ठीक तरह से गुजर-बसर हो सके।

**आरक्षण के दौरान दंगाई वित्तमंत्री कै. अभिमन्यु के घर के साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी जला कर मार डालना चाहते थे। घर पर दो बार हमला हुआ सुरक्षाकर्मियों द्वारा परिवारजनों को तुरंत नहीं हटाया गया होता तो अनर्थ हो जाता। आखिर कौन थे ये दंगाई जिनकी सरफी और अपने दम पर व्यवसाय करने वाले कै. अभिमन्यु से इतनी बड़ी रंजिशरखते थे। उनक`साथ यह व्यवहार कर उन्हें क्या फायदा होता। हांलाकि शुरू से ही कै. अभिमन्यु आरक्षण क मॉंग कर समर्थन करते हुए केंद्र और राज्य से उसे पूरा कराने में जुटे थे।**

उन्होंने कहा कि वे और उनका परिवार सभी पीड़ित व्यक्तियों की हरसंभव मदद करेंगे।

यह जानकारी आज उन्होंने रोहतक में सदभावना यज्ञ के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उनके बड़े भाई कैप्टन रूद्रसैन द्वारा संचालित परम मित्र मानव निर्माण संस्था के माध्यम से भी पीड़ितों की मदद की जाएगी। सदभावना यज्ञ के माध्यम से सर्व समाज के लोगों ने एक साथ मिलकर समाज में फैले आपसी द्वेष को यज्ञ में जलाने का संकल्प लेते हुए आहुति डाली।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से निजी सम्पति के मुआवजे के रूप में मिलने वाली सहायता राशि को वे ऐसे गरीब पीड़ित व्यक्तियों को दान करेंगे, जिनकी इस घटना के दौरान रोजी-रोटी छिन गई है।

वित्तमंत्री ने कहा कि आज उनके निवास स्थान पर उनके परिवार, शुभचिन्तक, साथी आदि सर्व समाज के लोगों ने सदभावना यज्ञ में भाग लिया है। इस यज्ञ में आहुति डालते हुए सर्व समाज के लोगों ने संकल्प लिया है कि समाज में फैला द्वेष इस यज्ञ में पूर्णतया जल जाए और समाज में आपसी भाईचारा व शांति कायम रहे। उन्होंने कहा कि इस घटना के दौरान पीड़ित हुए प्रत्येक व्यक्ति के प्रति वे गहरी संवेदना व्यक्त करते है और भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हरेक पीड़ित को शक्ति प्रदान करें। वित्तमंत्री ने कहा कि वे भगवान से कामना करते हैं कि ईश्वर सभी को सदबुद्धि दे और व्यक्तियों में एक दूसरे के प्रति जो द्वेष भावना है, वह समाप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि शुभचिन्तकों व पड़ोसियों के सहयोग से उनके परिवार के सभी सदस्य सकुशल हैं। भगवान ने व्यक्तिगत सम्पति को हुए नुकसान की भरपाई के लिए उन्हें पूरा सामर्थ्य व क्षमता दी है।

## पेज 1 का शेष

**कुलदीप बिश्नोई...**

बातचीत के दौरान पीड़ित अपनेपन में कुलदीप बिश्नोई से मिलकर फफक-फफक कर रो पड़े। हजकां अध्यक्ष ने राहत कमेटी को विधायक रेनुका बिश्नोई की तरफ से एक लाख रूपए तुरंत दिए तथा और मदद का भी भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि आपको न्याय दिलाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उपद्रवियों का खुलकर साथ देकर प्रदेश में उत्पात मचाने वाले प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के नाम एफआईआर में दर्ज शिकायतों में भी हैं।

पीड़ित लोग उनके फोटो, सीसीटीवी फुटेज और मीडिया रिर्पोट भी प्रस्तुत कर चुके हैं। पीड़ितों का तो यहां तक दावा है कि कई जगह सरकारी अमले ने उपद्रवियों की ठीक उसी तरह अगुवानी की जिस तरह बारातियों की बैंड-बाजे वाले करते हैं। सरकार बताए कि उन लोगों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई ? हकीकत ये है कि पुलिस अब तक लूटे-पीटे पीड़ितों के बयान तक दर्ज नहीं कर पाई है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुछ लोगों के दबाव में हैं और केंद्र सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। पीड़ित डंके की चोट पर कह रहे हैं कि हांसी में उपद्रव फैलाने में डीएसपी और एसडीएम भी उतने ही सक्रिय थे, जितने उपद्रवी। उन्होंने कहा कि आगजनी, तोड़फोड़ व हिंसा की चपेट में आने वाले पीड़ितों को भी सरकारी नौकरी व मुआवजा दिया जाए। जांच के लिए डीएसपी स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में स्पेशल टीमें गठित की जाएं, ताकि जांच में भी अन्याय न हो।

कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि लोगों के सुलगते घरों से अब तक धुंआ उठ रहा है कि हादसे के दौरान से ही मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड ने उस चिंगारी को शांत करने के लिए पिचकारी भर पानी भी नहीं डाला। उपद्रवियों ने पीड़ितों के घरों को आग लगाने से पूर्व उनकी अलमारियां व संदूक खोलकर जमकर लूटपाट की। बेजुबान पशुओं तक को भी गोलियां दागी गई। घरों के अंदर रखा सामान ही नहीं बल्कि बाहर खंभों पर लगे बिजली मीटर, ट्यूबवैल इंजन और घरेलू ईंधन के बिटौड़े तक फूंक डाले। सरकार अब तक इन घरों को बिजली कनेक्शन जोड़कर रोशनी की व्यवस्था भी नहीं कर पाई है।

इस दौरान प्रो. रोशन लाल, योगेंद्र मल्होत्रा, रविन्द्र मक्कड़, रविन्द्र बहार, गौतम सरदाना, महेन्द्र घोड़ेला, कैलाश मंडावरिया, सुरेन्द्र शर्मा, राधेश्याम सैनी, नितेश शर्मा, सुनील सैनी, ताराचंद खुराना, जयसिंह गुर्जर, रामनिवास कौशिक, विजय बिश्नोई, देसराज, पंकज कोचर, राजू बत्रा, चिराग मुंजाल आदि मौजूद थे।

**भारद्वाज...**

जा रहा है। वह खाटू श्याम जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए लाभदायक होगा। जहां भक्तों को रात के समय में आराम करने के लिए उचित स्थान प्राप्त होगा। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भारद्वाज ने कहा कि अन्य संस्थाओं को भी मित्र मंडल के कार्यो से ज्ञान प्राप्त करके आगे आना चाहिए।

शहर के लोगों में आज धार्मिकता के प्रति लगाव बढ़ रहा है। नगर का मित्र मंडल जब से खाटू श्याम में अपनी आस्था से सेवा में लगा हैं। वह आज भी उसकी गति से कार्य करके सोहना का नाम खाटूश्याम में भी रोशन कर रहे है। उन्होने कहा नगर के खाटू श्याम मित्र मंडल के इस कार्य से वह काफी प्रभावित हुए है। उन्होने कहा कि जो आज कलाकार यहा पर अपने गायन व झॉकी के माध्यम से बाबा खाटूश्याम का गुणगान कर रहे है। वह उचकोटी के है। इस मौके पर पूर्व पार्षद विजय खटाना, बीरसिंह नंबरदार, हरिओम सिंह छौकर, ठाकुरदास शर्मा, निशान्त सिंह, सुक्खन, विजय खटाना, भगवत दयाल शर्मा, बलराज सिंगला, हरिओम, सत्यप्रकाश सिंगला, संजय शर्मा, मनोज कुमार, सत्यनारायण, देवराज बंसल, ओम प्रकाश चौहान, जवाहर लाल सिंगला, राज कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार शर्मा, देवेन्द्र खटाना, महावीर प्रसाद, नरेश कुमार, किशोर यादव, गौरव सिंगला, विमल शर्मा, विनोद जिंदल, रविन्द्र सिंगला व रामप्रसाद शर्मा।

**उमेश अग्रवाल...**

ने जलाकर खाक कर दिये हैं उन्हें तीन हजार वर्ग फुट के हिसाब से इमारत की क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिया जाए व उनके सामान की क्षति का नकद मुआवजा देकर उसकी भरपाई की जाए। इसी के साथ व्यापारियों को उनकी बिक्री और मासिक कारोबार का आकलन कर उन्हें लंबी अवधि का ब्याज मुक्त ऋण मुहैया कराया जाए।

विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की ओर से उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की है कि प्रभावित व्यापारियों को एक जनवारी से इक्तीस मार्च तक वैट, सर्विस टैक्स व बिजली बिलों के भुगतान में छूट दी जाए साथ ही मुख्यमंत्री से यह भी मांग की गई है कि व्यापारियों को मुआवजा व ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल रखा जाए ताकि उन्हें सहायता उपलब्ध कराने में बिना वजह का विलंब न हो और वे जल्दी से जल्दी अपना कारोबार अथवा व्यवसाय फिर से शुरू कर सकें।

श्री अग्रवाल का कहना है कि मुख्यमंत्री ने उनकी सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उन्हें शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सोमवार को दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब में जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान व्यापारियों को हुए भारी नुकसान की भरपाई कराने और उन्हें ऋण आदि उपलब्ध कराने की योजनाओं की घोशणा करेंगे।

**गुर्जर...**

आरक्षण मामले में केंद्रीय मंत्री वैकेंया नायडू की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है और उस कमेटी ने अपना काम शुरु कर दिया है। आरक्षण आंदोलन की आड़ में जिन दुकानदारों व व्यापारियों का नुकसान हुआ है, उसका मुआयना कराकर भरपाई की जायेगी। एक तरफ जब आंदोलन की आग में पूरा हरियाणा जल रहा था, वहीं फरीदाबाद की सभी 36 जाति के लोगों ने आपसी भाई चारे का संदेश दिया है। जिसके लिए फरीदाबाद की जनता और प्रशासन बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अधिक निवेश न हो और यहां उधोग धंधे न पनपे, आरक्षण की आड में हुई हिंसा कुछ ताकतों का कारनामा है, जो हरियाणा को आगे बढ़ता नहीं देख पा रही है। प्रदेश में आरक्षण के नाम पर हिंसा करवाने वालों को बख्शेंगे नहीं, कुछ की पहचान हो गयी बाकि की होनी है जांच बहुत तेजी से चल रही है, हरियाणा प्रदेश का फिर से वाही रुतबा बहुत जल्द लौटेगा प्रदेश की जनता को भाजपा सरकार में पूरी निष्ठा एवं विश्वास है। इस मौके पर श्री गुर्जर के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गौड़, प्रदेश महासचिव संदीप जोशी, प्रदेश सचिव सुरेंद्र तेवतिया, सरदार गोल्डी खालसा, डिम्पल खालसा, राजकुमार वोहरा सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।






# पीडितों को मुआवजा दिलाने के लिए यादव कल्याण परिषद 6 को देगी उपायुक्त को ज्ञापन

**मौ. जावेद/ गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 28 फरवरी। जाट समाज को आरक्षण देने की मांग को लेकर उग्र आंदोलनकारियों द्वारा मचाई गई लूट खुसोट, आगजनी व यात्री महिलाओं के साथ किये गए बलात्कार की निंदा करने व आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाने व पीडितों को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर यादव कल्याण परिषद आगामी 6 मार्च को मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा सौपेगा जिसकी तैयारियों को लेकर आज यादव कल्याण परिषद गुड़गांव के अध्यक्ष प्रवीन यादव की अध्यक्षता में परिषद के सदस्यों की बैठक सेक्टर 10 ए स्थित कृष्ण मंदिर में सम्पन हुई।



बैठक में आए यादव कल्याण परिषद के सभी सदस्यों ने आरक्षण की मांग कर रहे आंदोलनकारियों द्वारा मचाए गए उत्पाद व आगजनी की घटनाओं की निंदा करते हुए कहा कि कुछ सरारतीतत्व लोगों ने आपसी भाईचारे को बिंगाडने का काम किया हैं और इस आगजनी में ज्यादातर गैर जाट परिवारों का नुकसान हुआ हैं जिसकी यादव कल्याण परिषद निंदा करता हैं और मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मांग करता हैं की मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए और जो दोषि हैं उन्हें कठोर से कठोकर सजा मिले और आगजनी व दंगा पीडितों को उचित मुआवजा दे ताकि वे फिंर से अपने परिवार का पालन पोषण कर सके।

उन्होंने कहा जाट समाज के लोगों ने गैर जाट 35 बिरादरी को बर्बाद करने के लिए ये सोची समझी चाल के तहत आंदोलन किया हैं ताकि गैर जाट लोगों के घरो व दुकानों को जलाकर उन्हें रोड़ पर ला सके और जाट आंदोलनकारी अपनी इस मंसा में कामयाब हो गए और रोहतक, झज्जर, भिवानी व करनाल सहित जिन-जिन जिलों में आगजनी व लूटपाट हुई हैं उसमे सबसे ज्यादा गैर जाट दुकानदारों को निशाना बनाया गया हैं। जिससे उनकी वर्षो की कमाई चंद घंटों में राख के ढेरों में मिल गई हैं।

उनहोंने कहा कि 6 मार्च को होने वाली बैठक व ज्ञापन सौंपने वाली परिक्रिया में 35 बिरादरी के लोग एकजुट होकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग करेगें की उत्पात मचाने वाले लोगों को कठोर से कठोर सजा दी जाए और पीड़ितों को उचित मुआवजा। उन्होंने कहा कि जाट आंदोलनकारियों ने जहां आगजनी व लूटपाट कर हरियाणा को जला दिया हैं वही मुरथल के समीप महिलाओं के साथ किये गए बलात्कार की घटना ने पुरे हरियाणा को सर्मसार कर दिया हैं और इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम हैं। और बलात्कार आरोपियों को पकडते ही फांसी की सजा सुनाई जाए ताकि पीडितों को न्याय मिल सके।

इस अवसर पर यादव कल्याण परिषद के महासचिव अनिल राव, उपाध्यक्ष डा. अशोक यादव, बीएस यादव, कुलदीप यादव, महेश चेयरमैन, हरिसिंह यादव, कृष्ण यादव, बुद्वराम, राममेहर, देशराज, रामलाल सिंह, सुरजीत कुमार, सिंकन्दर यादव, धर्मबीर यादव सहित पदाधिकारी मौजूद थे।

# आरक्षण आन्दोलन को लेकर पाटौदा में 35 बिरादरी की महांपचायत



**डा. ओम प्रकाश/गुड़गांव मेल**

पटौदी, 28 फरवरी। जाट आरक्षण आन्दोलन के दोरान हुई गुण्डागर्दी, लूटपाट, आगजनी एवं महिलाओं से अभद्र व्यवहार के विरोध में गैर जाट बिरादरी के लोगों में उपद्रवियों, जाट नेताओं के साथ साथ राज्य सरकार के प्रति तीव्र रोष व्याप्त है। आज यह रोष हेलीमंडी के निकटवर्ती झज्जर जिले के ग्राम पाटोदा में सम्पन्न हुई पैतीस बिरादरी की महापंचायत में खुलकर उभरा। महापचांयत में आस पास के गांवों के हजारों लोगों का जन सैलाब उमड़ा पड़ा तथा उपस्थित लोगों को जाट बिरादरी का राजनीतिक एवं आर्थिक बहिष्कार करने की शपथ दिलवाई गई।

श्री पाल चौहान की अध्यक्षता सम्पन्न हुई इस महापंचायत में विभिन्न वक्ताओं ने आरोप लगाया कि आरक्षण आंदोलन की आड़ में एक बिरादरी के लोगों ने जमकर हिंसा का सहारा लिया तथा बेकसूर गैर जाट बिरादरी के लोगों के प्रतिष्ठान, दुकान एवं मकान जला डाले। प्रशासन एवं सरकार इस दोरान पंगु बने रहे तथा सरकार को दो जाट मंत्रियों ने हाईजैक किए रखा। सेना को परिस्थितियों पर काबू पाने के लिए बल प्रयोग के अधिकार तक नहीं

**- महापंचायत में जाट बिरादरी के राजनीतिक एवं आर्थिक बहिष्कार की दिलाई शपथ**

**- मामले की सीबीअई जांच की उठाई मांग**

दिए गए। विभिन्न वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में प्राय: एक बिरादरी का ही मुख्यमंत्री बनता आया है। इसी कारण वे सरकारी नोकरियों में अन्य जातियों को हिस्सा खाते आए हैं एवं राज्य में सत्तर प्रतिशत तक वे सरकारी नोकरियों में हैं। यह हैरानी की बात है कि उसके बाबजूद वे आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

कुछ वक्ताओं ने आरोप लगाया गया कि गैर जाट मुख्यमंत्री एक प्राय: सत्तासीन रही इस बिरादरी के लोगों को सहन नहीं हो रहा है। इसी कारण उन्होंने यह कांड किया तथा गैर जाट बिरादरी के बेकसूर लोगों की दुकानें लूट कर एवं जला कर उनका रोजगार छीन लिया। महिलाओं के प्रति अपराध करके उन्होंने सामाजिक ताना बाना भी भंग कर दिया है। ऐसे तत्वों ने 1984 तथा 1947 के दंगे भी पीछे छोड़ दिए हैं। ऐसे अपराधी तत्वों को किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जाना चाहिए। महापंचायत में मांग की गई कि सरकार इस मामले की जांच सीबीआई से करवाए एवं जाट अधिकारियों को इसकी जांच कतई न सोंपी जाए।

इस मामले में सीबीआई प्रो. वीरेन्द्र सिंह के साथ साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ तथा कैप्टन अभिमन्यु एवं सुभाष बरवाला की भूमिका की भी जांच करे। उपद्रवियों के विरूद्ध देश द्रोह का मामला दर्ज कर मामले में जाट आरक्षण आन्दोलन चला रहे नेताओं को भी 120 बी में शामिल किया जाए। जिन लोगों की सम्पत्तियां नष्ट की गई हैं, उन्हें सरकार तुरन्त एक करोड़ रूपय तथा सरकारी नोकरी दे।

बाद में सरकार यह राशी उपद्रवी लोगों तथा मामले को तूल दे रहे नेताओं की सम्पत्तियां कुर्क कर वसूले। आरक्षण आंदोलन के दोरान परिस्थितियों को काबू न करने वाले प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को नोकरी से निकाला जाए। जाट बिरादरी के लोगों को किसी भी कीमत पर आरक्षण न दिया जाए तथा आरक्षण केवल आर्थिक आधार पर दिया जाए।

महापंचायत में निर्णय लिया गया कि गांव गांव बैठकें कर लोगों को चैतन्य किया जाए तथा लोगों का एक लम्बा आंदोलन लड़ने को तैयार किया जाए। महांपचायत में कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि इस मामले में राज्य भर के पैतीस बिरादरी के लोग संसद कूच करें तथा जन्तर मंतर पर धरना दें ताकि यहां के लोगों की आवाज दिल्ली तक पहुंच सके।

इस अवसर पर पंचायत के अध्यक्ष श्री पाल चौहान, पंचायत के उपाध्यक्ष राव मान सिंह, जिला पार्षद विजय पाल शंटी, वेद प्रकाश तंवर, अशोक चौहान, तेजभान कानूनगो, शिव कुमार गुप्ता, रमेश गर्ग, सुरेन्द्र यादव, सुखबीर तंवर, एड्वोकेट बलजीत, सरजीत चौहान, मा. लाल सिंह यादव, ओम प्रकाश जादूगर, यशपाल फरीदपुर, अजय पाटोदा, दक्ष जेलदार, हनुमंत सिंह, गजराज खेड़ी, कृष्ण पूर्व सरपंच, कंवर विनोद, राजपाल गुगाना, विनोद लुहारी आदि मौजूद थे।

# बिजली निगम के ट्रांसफार्मर गोदाम में लगी आग, 8 गाडियों ने घंटों बाद बुझाई आग

**काप्र/गुड़गांव मेल**

सोहना, 28 फरवरी। यहां पर रविवार की शाम दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के सब डिवीजन कार्यालय परिसर स्थित चारदीवारी के भीतर खुले में बने ट्रांसफार्मर गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम के आसपास रिहायशी क्षेत्र में बने मकानों की दीवारों में दरारे आ गई है लेकिन समाचार लिखे जाने तक अग्निकांड में कोई हताहत ना होने पर सभी ने राहत भरी सांस ली है।



आग लगने की सूचना पाते ही फॉयर बिग्रेड गाड़ी और भारी पुलिसबल मौके पर पहुंच गया लेकिन दमकल गाड़ी के पानी से आग बुझाने पर आग और ज्यादा भड़क गई। ऐसे में जिला मुख्यालय स्थित कई दमकल केन्द्रों के साथ-साथ मेवात जिले से भी केमिकल युक्त पानी वाली गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और कई घंटों की मशक्कत के बाद दमकल गाडियों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया।

हालांकि समाचार लिखे जाने तक ट्रांसफार्मरों में लगी आग का सही कारण ज्ञात नही हो पाया है लेकिन शाम को करीब पौने 4 बजे आग लगने की सूचना पाकर सोहना दमकल उप केन्द्र से अग्निशमन गाड़ी आग बुझाने आई तो पानी से आग और ज्यादा भड़क गई। अग्निकांड से तत्काल आला प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया। सर्कल एसडीएम सतीश यादव ने तत्परता दिखाई और तुरंत जिला मुख्यालय के साथ-साथ साथ लगते मेवात जिले से भी केमिकल युक्त पानी वाली दमकल गाड़ियां आग बुझाने के लिए सोहना भिजवाई। मौके पर पहुंची दमकल गाडियों पर कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी जान पर खेलकर आग की कई-कई मीटर ऊपर उठ रही लपटों को शांत करने व आसपास के एरिया को आगजनी से बचाने के लिए आग बुझाने के लिए पानी में केमिकल का प्रयोग किया। तब कही जाकर लगी आग पर काबू पाया जा सका है।

समाचार लिखे जाने तक बिजली निगम के गोदाम में अग्निकांड से हुए नुकसान का सही-सही आकलन ज्ञात नहीं हो पाया है लेकिन ऐसा अंदाजा है कि अग्निकांड से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दमकल विभाग में फायर अधिकारी ने अपने मातहत टीम को गोदाम में लगी आग की गहराई में जाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा पुलिस प्रशासन और बिजली निगम के अधिकारी भी अपने-अपने स्तर पर आग लगने के कारणों की जांच-पड़ताल में जुटे है। समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर हजारों लोगों को हुजूम जमा है।

# सीडी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने फेयरवेल सदभावना पार्टी दी



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 28 फरवरी। रविवार को सीडी इंटरनेशनल स्कूल के 11वीं के छात्रों ने फेयरवेल पार्टी की जगह 12वीं के छात्रों को सदभावना पार्टी दी। इसके अलावा रविवार को सदभावना दिवस के रूप में मनाया। छात्रों की इस अनोखी मुहिम का मकसद हाल में ही प्रदेश के बिगड़े हालात व आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डीसी टीएल सत्यप्रकाश भी मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि जाट आरक्षण को लेकर हाल में प्रदेश भर में हुए हिंसक प्रर्दशन व प्रदेश के माथे पर लगे कलंक को मिटाने के लिए छात्रों ने इस अनोखी मुहिम का सहारा लिया। छात्रों ने अपने से बिछुड़ रहे सिनियर छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर मौजूद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला उपायुक्त टी.एल. सत्यप्रकाश ने छात्रों की इस मुहिम की सराहना की।

**छात्रों की इस अनोखी मुहिम का मकसद हाल में ही प्रदेश के बिगड़े हालात व आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डीसी टीएल सत्यप्रकाश भी मौजूद रहे।**

उन्होने कहा अगर इस तरह से जिले का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों को समझे तो प्रदेश के बिगड़े भाइचारे व आपसी सदभाव को फिर से कायम किया जा सकता हैं। वही कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे सुरजपाल अम्मू ने जिला प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के बिगड़े हालातों के बाद भी जिले में किसी भी तरह की हिंसक घटनाएं व आपसी सौहार्द बिगड़ने जैसी कोई खबर नही आई इसकी लिए जिला प्रशासन बधाई का पात्र हैं।

इस मौके पर जिला उपायुक्त ने सीडी स्पोर्टस एकेडमी का रिबन काटकर उदघाट्न भी किया। जिसके बाद सद्भावना स्वरूप एक 20/20 मैच भी खेला गया। मैच के उपरांत सीडी ग्रूप आफ स्कूल के डायरेक्टर यशपाल यादव ने छात्रों व उपस्थित लोगों को संबांधित करते हुए कहा कि समाज को अच्छी दिशा देने के लिए युवा छात्र काफी अहम जिम्मेदारी निभा सकते हैं। लेकिन उनके अंदर बेहतर सोच व जिंदादिली को तराशनें की जरूरत हैं।

इस मौके पर आरटीए सुशिल सारवान, इंडिया न्यूज मार्केटिंग हेड नरेन्द्र भाष्कर, भाजपा नेता सूरजपाल अम्मू व स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिध के तौर पर शुभम विज कार्यक्रम का हिस्सा रहे।

# शतरंज के खिलाडियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मिलेगा प्रतिदिन भत्ता : शर्मा

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 28 फरवरी। आगामी एक अप्रैल से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हरियाणा की तरफ से चुने गए खिलाडियों को हरियाणा चैस एसोसिएशन की तरफ से दो सौ रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भत्ता तथा दो-दो टी शर्ट दी जाएँगी। इन खिलाडियों के आने जाने का खर्च भी एसोसिएशन ही वहन करेगी।



यह फैसला हरियाणा चैस एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। जिसका आयोजन हरियाणा चैस एसोसिएशन के प्रधान राजू वर्मा की अध्यक्षता में आज सुशांत लोक गुडगाँव में किया गया। उन्होंने बताया कि इस पर लगभग दो लाख रूपये का वार्षिक खर्च आएगा।

बैठक में यह निर्णय भी लिया गया की आगामी एक अप्रैल से हरियाणा के शतरंज के खिलाडियों का पंजीकरण करके डाटा बनाया जायेगा। जिसके आधार पर उनको पहचान पत्र दिए जायेंगे और शतरंज से जुडी सभी जानकारियां उपलब्ध करायी जाएंगी। एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव एडवोकेट नरेश शर्मा ने बताया की सभी खिलाडियों का डाटा हरियाणा चैस एसोसिएशन की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा। सभी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन अप्रैल माह में कर लिया जाये राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन मई के महीने में फतेहाबाद और पानीपत में किया जायेगा।

आज की बैठक में गुडगांव हरियाणा चैस एसोसिएशन की प्रधान श्री राजू वर्मा, महासचिव नरेश शर्मा, संगठन सचिव राजपाल चौहान, उपप्रधान अनिल कुमार परनामी, फतेहाबाद से राजीव अहलावत, रेवाड़ी से गोविन्द शर्मा और दीपक, फरीदाबाद से देविन्दर सूरी और एस, एल.वर्मा, बहादुरगढ़ से संदीप निमावत, झज्जर से दिनेश कुमार और नरिंदर कुमार, सोनीपत से गौरव छाबड़ा, पानीपत से अजय गोयल और देविन्दर पराशर तथा अम्बाला से रणदीप गौड़ उपसथित थे।

# जिसका काम उसी को सोहे

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

कहावत है कि जो जिसका काम उसी को सोहे लेकिन आजकल एक काम ऐसा है जो हर कोई बड़े चाव से कर रहा है। आजकल हर कोई रिपोर्टिंग कर रहा है। फेसबुक पर, व्हाट्सएप पर हर कोई रिपोर्टर है। आम लोग खबरें लिखते हैं, विश्लेषण करते हैं, निष्कर्ष निकालते हैं, फॉरवर्ड करते हैं, बहस भी करते हैं।

मैंने 11 साल हरियाणा में टीवी पत्रकारिता की है। 2004 में उस समय शुरुआत की थी, जब कैमरे की टेप बस से या कोरियर से दिल्ली पहुंचती थी। स्क्रिप्ट टेप के साथ लिपटी हुई या फैक्स से मिलती थी। कोई खबर टीवी पर जाने से पहले 2-3 स्तर पर चेक की जाती थी, शब्द भी और विजुअल के हिसाब से भी। जो सूचना, जो भाव वाजिब और तथ्य के करीबतम हो, वही ऑनएयर जाता था। मजाल है जो कोई भडक़ने वाली या मनगढ़ंत बात चली जाए? उस मुश्किल दौर में भी गुडग़ांव होंडा कांड, गोहाना जातीय हिंसा, बाद में मिर्चपुर कांड जैसे कितने ही संवेदनशील मामलों पर रिपोर्ट बनाई। न जाने कितनी रैलियां, बैठकें और चुनाव कवर किए। परफेक्ट कोई नहीं होता और गलतियां मैंने भी की होंगी लेकिन जिम्मेदारी का अहसास जेहन में सबसे ऊपर रहा क्योंकि पता था कि बहुत से लोग सूचना पाने के लिए ऐसी रिपोर्ट्स पर ही निर्भर हैं। पर आज लगता है कि हरियाणा का हर शख्स अब एक रिपोर्टर बन गया है। हर शख्स जो फेसबुक और व्हाट्सएप इस्तेमाल करता है, वे खबरों का जनक और वाहक बन गया है।

फिलहाल देश यह तय किए बैठा है कि मुरथल में क्या हुआ, किसने किया। बिना जांच, बिना शिकायत, बिना पीड़ित, बिना गवाह-पुख्ता सुबूत....सब तय कर लिया देश ने?

सडक़ के किनारे या झाडिय़ों के आसपास कपड़े या कोई और चीजें दिल्ली में भी मिल जाएंगी। मैंने खुद देखी हैं बेहद आपत्तिजनक चीजें पॉश इलाकों की सडक़ों के किनारे। क्या इसका मतलब वहां सब जगह रेप हुए हैं? हर शहर में होंगी ऐसी कचरे वाली जगहें। जीटी रोड की ही झाडिय़ों को छान लीजिए, 20-30 जगह मिल जाएंगी ये सब चीजें। दिल्ली में तो पचासों जगह। और सोशल मीडिया पर ये भी तय हो गया कि वे आंदोलनकारी ही थे, एक ही जाति के थे?

लेकिन यह साजिश भी हो सकती है, घटना के रूप में, खबर के रूप में। गलतफहमी भी हो सकती है परिस्थितिजनक साक्ष्यों के रूप में। अगर ये हुआ तो उन्हें माफी कैसे मिलेगी जो इस आधार पर राज्य और एक जाति को बदनाम कर रहे हैं? दिल से सोचिए एक बार कि अगर सवालों में आपके गांव-जाति के लोग हों तो भी क्या इतनी जल्दी ही उनके खिलाफ निष्कर्ष निकाल लेंगे आप? यह खबर एक प्रसिद्ध अखबार ने छापी थी। बाकी सब अखबारों और चैनलों की रिपोर्ट उसी अखबार की खबर के आधार पर है। अखबार में जिनके हवाले से खबर छपी थी, वे सभी लिखित में दे चुके हैं कि बलात्कार की बात उन्होंने नहीं कही। हां, दंगों की उस रात डरे हुए लोग और महिलाएं उन्होंने देखे थे। एक बात और हरियाणा के ही गोपाल कांडा पर बलात्कार और आत्महत्या का केस है, डीजीपी एसपीएस राठौड़ ने बच्ची को छेड़ा था। विनोद शर्मा के बेटे को हत्या करने पर सजा हुई है। क्या इस पर मैं ये कहने लगूं कि सारे बनिये और राजपूत दुराचारी होते हैं और ब्राह्मण हत्यारे? कभी नहीं कहूंगा। हो भी नहीं सकता ऐसा।

मुरथल मामले में सच्चाई मिली तो भी गुनाहगार वे 20-30 लोग ही होंगे। न कि पूरा हरियाणा, न ही उनकी पूरी जाति।

तो फिर सोशल मीडिया हर घटना को अपराधियों की जाति से जोडक़र क्यों देख रहा है? बार-बार हम मीडिया और टीवी चैनलों की शिकायत करते हैं कि वे गलत खबरें दिखाते हैं या किसी घटना पर एकतरफा रिपोर्टिंग करते हैं। अब मीडिया आम लोगों ने अपने हाथ में ले ही लिया है तो इस पहलू को क्यों भूल रहे हैं? क्या इसलिए कि यहां जिम्मेदारी तय नहीं होती? व्हाट्सएप ग्रुप में आया था या कहीं फेसबुक पर देखा था, ये कहकर बच निकलेंगे। या हम सब इस नए माध्यम का प्रयोग सच में अपनी छिपी हुई भावनाओं को जाहिर करने के लिए कर रहे हैं।

जाट आंदोलन के दौरान शेयर की गई कितनी ही तस्वीरों और पोस्ट्स की पोल अब खुल रही है। कई झूठे आंकड़े, गलत नियम, एडिट की हुई तस्वीरें शेयर की गई। जितने लोगों तक वे तस्वीरें पहुंचीं, उतनों तक उनकी सच्चाई नहीं पहुंच सकती और पहुंचेगी तो भी बहुत देरी से। भडक़ाने और नफरत फैलाने का जो काम वे तस्वीरें कर चुकी, उसकी भरपाई तो कभी हो ही नहीं सकती। दंगों के दौरान सैकड़ों ऐसी खबरें व्हाट्सएप पर आई जो सच नहीं थी। गोहाना में 8-10 को काट दिया, झज्जर में एक ही फायरिंग में 15-20 मर गए, हांसी में भी 7-8 मर चुके, रोहतक में 1500 लोगों ने गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर कहर ढाया, भाजपा दफ्तर जला दिया, सुखदेव ढाबा फूंक दिया आदि। ऐसी झूठी खबरें सोशल मीडिया पर इतनी तेजी से और इस कदर फैली कि कुछ टीवी चैनलों ने भी चला दी। सोचिए आग में कितना घी डला होगा और उन लोगों को कितनी कामयाबी मिली होगी जिन्होंने ऐसी खबरें प्लांट की। गुनाह में हिस्सेदार तो वे भी हो गए जिन्होंने ये खबरें शेयर की। क्या आगजनी और जानमाल के नुकसान में उनकी जवाबदेही तय हो सकती है? शायद नहीं, लेकिन नैतिकता कहती है कि हमें अपनी गलती याद रखनी चाहिए।

क्या यह जरूरी नहीं कि सोशल मीडिया पर आम लोग बिना पुष्टि किए कुछ भी फॉरवर्ड ना करें? गलत सूचना आग की तरह फैलती है और निशाने पर आए लोगों का बहुत नुकसान करती हैं। फायदा उनका होता है जो ऐसी बातें शुरू करते हैं। ऐसे शातिर लोगों का हथियार बनते हैं आम लोग जो रिपोर्टर बनने के आकर्षण में उनके हाथों में खेल जाते हैं। इससे भी आगे बढक़र लोग सीमित बातों के आधार पर ही फैसला सुना देते हैं और जज बन जाते हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है सबके लिए।

**दीपकमल सहारण**

# जाट आरक्षण : लूटपाट एवं दुष्कर्म की घटना की पंजाबियों ने की निंदा

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

मेवात, 28 फरवरी। पिछले दिनों हरियाणा प्रदेश में जाट आरक्षण की आड में पंजाबियों के साथ ही लूटपाट व दुष्कर्म की घटना को लेकर पुन्हाना के पंजाबी समुदाय के लोगो ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि पंजाबी समाज ने देश में अल्वसंख्यक होते हुए भी कभी आरक्षण नहीं मांगा ना ही कभी किसी मांग को लेकर हाथ फैलाए हैं। देश के बटवारे के समय सब कुछ लूट जाने के बाद भी समाज के लोगों ने मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण किया है। लेकिन इसके बाद भी पंजाबियों पर राजनीतिक साजिश के तहत की गइ लूटपात जैसी घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

1947 को देश के बटवारे के समय पाकिस्तान के क्षेत्र से आए पंजाबियों ने न केवल देश का मान बढ़ाया बल्कि देश को प्रगति की ओर ले जाने में अहम योगदान दिया है। न की किसी सरकार के आगे आरक्षण के लिए हाथ फैलाए।









**कृष्ण कुमार**

देश नहीं बल्कि प्रदेश के मेवात में भी पंजाबी समुदाय के लोग सभी धर्म व जाति के लोगों के साथ अमन-चैन,भाइचारे व शांति के साथ रहते हैं। कभी भी पंजाबियों ने देश विरोध गतीविधयों व आरक्षण आंदोलन नहीं किया है।

**राजू**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पूरी इमानदारी व नैतिकता का परिचय देते हुए सभी धर्म व जाति के लोगों को साथ लेकर सभी का समान विकास करा थे,लेकिन कुछ लोगों को ये ना गवार हुआ और साजिश रचते हुए प्रदेश के रोहतक,झज्जर,पानीपत व सोनीपत जैसे जाट बाहुल्य क्षेत्र में पंजाबियों के साथ जो लूटपात व दुष्कर्म की घटना की है। वो बेहद शर्मनाक है।

आत्म प्रकाश सचदेवा

प्रदेश के अब तक पंजाबी समुदाय का मुख्यमंत्री नहीं बना था,इससे पहले लोग जाट मुख्यमंत्री को ही अपनी वोटों को देते आए थे,लेकिन प्रदेश में पहली बार पंजाबी समुदाय का मुख्यमंत्री बनने पर जाटों ने बदले की भावना से समुदाय के लोगों के साथ उपद्रव मचाया है।

**मित्रसैन आहूजा**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पूरी इमानदारी व नैतिकता का परिचय देते हुए सभी धर्म व जाति के लोगों को साथ लेकर सभी का समान विकास करा थे,लेकिन कुछ लोगों को ये ना गवार हुआ और साजिश रचते हुए प्रदेश के रोहतक,झज्जर,पानीपत व सोनीपत बाहुल्य क्षेत्र में पंजाबियों के साथ जो लूटपात व दुष्कर्म की घटना की है। वो बेहद शर्मनाक है। पंजाबी समाज ने देश में अल्वसंख्यक होते हुए भी कभी आरक्षण नहीं मांगा ना ही कभी किसी मांग को लेकर हाथ फैलाए हैं।

देश के बटवारे के समय सब कुछ लूट जाने के बाद भी समाज के लोगों ने मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण किया है। लेकिन इसके बाद भी पंजाबियों पर राजनीतिक साजिश के तहत की गइ लूटपात जैसी घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

# मुरथल रेप का पहला मामला दर्ज, जांच के दायरे में

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

सोनीपत, 28 फरवरी। अराजक हुए जाट आंदोलन के दौरान मुरथल में जीटी रोड पर 22 फरवरी की रात महिलाओं के साथ हुई कथित दरिंदगी की बात को अभी तक एसपी अभिषेक गर्ग सहित कई पुलिस अधिकारी नकार रहे थे, लेकिन अब पहला केस दर्ज हुआ है। दिल्ली की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाए हैं कि उसके साथ 7 लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया, जिनमें उसका देवर भी है। हालांकि अभी तक यह पुष्टि नहीं की जा रही है कि यह केस चर्चित मुरथल केस से जुड़ा है या नहीं। एसआईटी प्रमुख ने कहा, होगी जांच...

- हाईकोर्ट के स्वत: संज्ञान के बाद जारी दिशा-निर्देश पर गठित एसआईटी की कमान संभाल रही डीआईजी राजश्री ने बताया कि पुलिस के पास एक महिला ने गैंगरेप की शिकायत दी है।

- पीड़िता की मानें तो उसके साथ 7 लोगों ने मिलकर दुष्कर्म किया और इनमें उसका देवर भी शामिल है।

घटना उस वक्त की है, जब वह हरिद्वार से दिल्ली आ रही थी। इस बारे में डीआईजी ने कहा कि फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं है, यह मामला जाट आरक्षण के दौरान उछले मामलों में शामिल है या नहीं। शिकायत उन्हें मिल गई है, जिसकी गहनता से जांच की जाएगी। दिल्ली की रहने वाली एक महिला ने सोनीपत के महिला थाने में 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़ित महिला का आरोप है कि 7 लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया और उसके बाद उसे रात के अंधेरे में कुंडली बार्डर तक छोड़ कर भी आए। इस दौरान पीडित महिला की 15 वर्षीय बेटी भी उसके साथ थी लेकिन महिला ने बेटी के साथ किसी तरह के दुष्कर्म की बात से इंकार किया।

विरोधाभास है द ट्रिब्यून अखबर में प्रकाशित गैंगरेप की आशंका संबंधी खबर को पहले डीजीपी यशपाल सिंघल समेत कई अधिकारी गलत बता रहे थे। यहां तक कि 26 फरवरी को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में एसपी अभिषेक गर्ग भी ऐसी घटनाओं से इनकार कर रहे थे।

इस मामले में तीन चश्मदीद सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों ने चंडीगढ़ की ओर से आ रही कुछ गाड़ियों को रोका।

उसमें से महिलाओं को घसीटना शुरू कर दिया, विरोध करने पर पुरुषों को बुरी तरह पीटा।

महिलाओं के कपड़े भी फट गए, उपद्रवी महिलाओं को खेतों की ओर घसीट ले गए, गाड़ियों में आग लगा दी।

बच्चों को नीचे फेंक दिया। उसके बाद क्या हुआ, हम नहीं देख पाए। पंजाब के ट्रक ड्राइवर यादवेंद्र ने बताया कि उपद्रवियों ने उसका ट्रक भी जला दिया, हम सुखदेव ढाबे के सामने आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। महिलाओं को फटे कपड़ों में भागते देखा तभी 3 महिलाओं को फटे कपड़ों में भागते देखा, वे बचाओ-बचाओ चिल्ला रही थीं।

एक और ट्रक ड्राइवर निरंजन ने कहा कि उस रात मैं एक ट्रक के पास खड़ा था, उपद्रवियों ने गाड़ियों में डंडा मारकर रोका। महिलाओं से बदसलूकी की, उन्हें घसीटकर खेतों में खींच ले गए। महिलाएं बदहवास चिल्ला रही थीं, पुलिस देखती रही, कोई मदद को सामने नहीं आया। उसके बाद क्या हुआ, नहीं पता। निरंजन ने कहा कि वह पुलिस को बयान देने को भी तैयार हैं। उनके साथ मौजूद ट्रक ड्राइवर सुखमेंद्र ने भी निरंजन की बात का सपोर्ट किया है। उधर, गुड़गांव क्राइम ब्रांच डीआईजी राजश्री की अगुआई में बनी एसआईटी ने भी मौके का जायजा लिया। उनका कहना है कि मौके से कोई सबूत नहीं मिले हैं। सोनीपत के गांव मुरथल में गैंगरेप की अफवाह के बीच कई लोगों ने 'भास्कर' के साथ आपबीती शेयर की है। इन लोगों ने बताया कि उपद्रवी किस तरह मारने पर उतारू थे।

# फर्रूखनगर : छात्र जीवन किसी तपस्वी से कम नहीं है : संजीव यादव

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

फर्रुखनगर, 28 फरवरी। जिला पार्षद संजीव कुमार यादव ने कहा कि छात्र जीवन किसी तपस्वी से कम नहीं है। यह विद्यार्थी जीवन बार बार नहीं मिलता है। इस समय का सदउपयोग करे। अच्छी शिक्षा व संस्कार ग्रहण करके अपना व देश का भविष्य उज्जवल करे।



यह बात उन्होंने खंड के गांव पातली हाजीपुर के रघुनाथ बाल विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व संस्कार जीवन का ऐसा अनमोल खजाना है इसकों जितना बाटौगे इसका उतना ही विस्तार होगा। इसकों कोई चुरा नहीं सकता है।

इस धन को पाने के लिए सच्ची निष्ठा व लगन के साथ अच्दे गुरु के सांध्यि में साधना करके प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षित व्यक्ति का समाज में अपना अगल ही रुतबा होता है। सभी जगह उन्हे सम्मान मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बेटी बचाव, बेटी पढाओ, स्वच्छ भारत अभियान, दहेज प्रथा, जल ही जीवन है।

पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर नाटक मंचन करके ग्रामीणों को जागरुक किया। वहीं देश भक्ति, विभिन्न राज्यों के लोक गीत पर थ्रिक पर सबका मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंध कमेटी की और से शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों में बेहतरीन प्रर्दशन करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिंह देकर पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक प्रवीन कुमार, चेयरमैन अशरफी देवी, प्रधानाचार्या मालती शर्मा, नरेश गौड़, बीएल भट, पातली की सरंपच मुकेश देवी, सतबीर धनखड़, धर्मपाल हाजीपुर, बाबू लाल शर्मा, परसराम शर्मा, बाल किशन, वेदप्रकाश पातली, अजय कुमार, आजाद सिंह, अधिवक्ता देविंद्र कुमार, परमानंद झुंडसराय, रमेश यादव, समाज सेविका रमा शर्मा, विकास, जगदीश पीटीआई, शिव शंकर, विजय चौहान, श्यामबीर, नरेंद्र कुमार, रामपाल आदि मौजूद थे।

# प्रशासन ने दी सरपंच को सरकार की नयी योजनाओं की जानकारी

**राजूदीन/गुड़गांव मेल**

नगीना, 28 फरवरी। हरियाणा सरकार की गांवों के सार्वभौमिक विकास के सपने को साकार करने के लिए रविवार को मेवात जिले के खंड नगीना के बीडीपीओ आफिस




परिसर में नए सरपंचों को एक विशेष कार्यशाला में सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर नगीना खंड की 54 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लिया, जिनमें 21 महिला सरपंच भी शामिल रहीं।

इस कार्यशाला में आए सरपंचों को संबोंधित करते हुए डीआरडीए के जिला परियोजना अधिकारी अब्दुल रब असरी ने नवनिर्वाचित सरपंचों से कहा कि वे अपने-अपने गांव में सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं को लागू करवाने में अहम भूमिका निभाए। उन्होंने सरपंचों से स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, इंदिरा आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, समान भत्ता योजना, शिक्षा, साक्षरता, स्वच्छता आदि स्कीमों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरपंच अपने गांव में इन सभी स्कीमों के बारे में रुची लेकर कार्य करे व ग्रामीणों को जागरुक करें।

अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से एक अन्य अधिकारी ईश्वर सिंह डागर ने सरपंचों को अपने गांव को खुले में शौच जाने की प्रवृति से मुक्त बनाने की पुरजोर अपील की। उन्होंने मेवात में जल संरक्षण को बढ़ावा दिए जाने के लिए ग्रामीणों को जागरुक किए जाने और सरकारी अधिकारियों का सहयोग लेने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि मेवात के एडीसी मनीराम शर्मा गांव-गांव में ग्रामीणों को खुले में शौच नहीं जाने के लिए सुबह के समय औचक दौरे कर रहे हैं।

उन्होंने स्वच्छता मिशन के अलावा नरेगा, सुलभ शौचालय, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ समेत कई अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांव में सरपंच अपनी सरकार के खुद मालिक हैं और उनको सरकार और प्रशासन का सहयोग हासिल करके अपने गांव का विकास कराना होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जो सरपंच गांव में सामुहिक विकास कार्य करवाने में सराहनीय कार्य करगें उन्हें जिला प्रशासन की तरफ से सम्मनित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे सभी कार्य के लिए सरकार पर निर्भर न रहें बल्कि विकास कार्यो के लिए स्वयं भी तथा ग्रामवासियों का सहयोग ले।

उन्होंने कहा कि सरपंच चाहे तो वे गांव की तस्वीर बदल सकते है। इसके लिए कई राज्यों के बहुत से गांव में उदाहरण देखने को मिल रहें है।

उन्होंने कहा कि आज तक मेवात में नए सरपंचों की तीन खंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित हो चुकी हैं। सोमवार को नूंह खंड के सरपंचों की कार्यशाला बीडीपीओ कार्यालय में तथा तावडू खंड के सरपंचों की कार्यशाला बीडीपीओ आफिस तावडू में मंगलवार को आयोजित की जाएगी। जिला स्वच्छता मिशन के जिला सलाहकार गोविंदराम ने सुलभ शौचालय के अलावा मेवात में जल संरक्षण के अलावा स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रवीन राज ने स्वास्थ्य योजनाओं की और महिला एवं बाल विकास से सुपरवाइजर उषा रानी ने भी सुकन्या योजना, आपकी बेटी-हमारी बेटी के अलावा महिला खेल प्रतियोगिता की जानकारी दी। कार्यशाला में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दलबीर सिंह दहिया, डीआरडीए से वरुण कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुमन समेत दो दर्जन से अधिक सरकारी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# रेवाड़ी : जब लोगों ने चिरंजीव राव को बोलने से रोका ...

**ब्यूरों/ गुड़गांव मेल**

रेवाड़ी, 28 फरवरी। रेवाड़ी में रविवार को प्रदेश में बीते दिनों जाट आरक्षण आंदोलन की आड़ में हुई हिंसा, आगजनी व लूट की घटनाओं के खिलाफ एकजुटता का संदेश लेकर पहुंचे 35 बिरादरी के लोग ही आपस में ही भीड़ गए। हद तो तब हो गई, जब यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व बिजली मंत्री पुत्र एवं लालू प्रसाद यादव के दमाद चिरंजीव राव की इज्जत पर बन आई। भीड़ ने छीना चिरंजीव राव के हाथ से माइक...



- शहर के सेक्टर-1 स्थित नेहरू पार्क में नेहरू पार्क में 35 बिरादरी के लोगों ने शांतिस्थापना के नजरिए से बैठक का आयोजन किया था। बिरादरी के बीच अपना समर्थन देने पहुंचे नेताओं को अपने ही लोगों के बीच जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा।

बैठक के बीच में आए थे चिरंजीव राव, आयोजकों ने उन्हें बोलने का मौका दिया

चिरंजीव राव को कुछ समय ही हुआ था कि मंच संचालित करने वाले ने उन्हें बोलने के लिए बुला लिया।

गुस्सा यहीं से शुरू हुआ कि नंबर को बीच में काटकर चिरंजीव राव को बुलाया गया और बात राजनीति तक पर आ गई। चिरंजीव राव ने माइक संभाला ही था कि एक-एक करके दर्जनों लोग मंच तक पहुंच और अड़ गए कि वे उन्हें बोलने नहीं देंगे। हंगामा ज्यादा बढ़ा तो सतीश यादव ने भी माइक संभाला और कहा कि वे लोग 35 बिरादरी के सदस्य होने के नाते आए हैं न कि राजनेता बनकर।

- करीब आधा घंटा बाद हंगामा शांत हुआ। एक-दो लोगों को बुलवाया गया और फिर चिरंजीव राव को बोलने के लिए दोबारा बुलाया गया। चिरंजीव राव ने कहा कि वे यहां राजनेता के तौर पर नहीं बल्कि समाज का सदस्य होने के नाते आए हैं। विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास मंच पर न पहुंचकर भीड़ के बीच में ही खड़े हुए और सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

# फसल बीमा योजना का प्रचार क्यों नही होता

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुडगाँव, 28 फरवरी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था,पर सरकार और किसान आज आमने सामने नजर आते हे फसल बीमा योजना के प्रति राज्य सरकारों की अनदेखी के कारण आज फसल बर्बादी पर किसान आत्मदाह करने पर मजबूर नजर आता हे किसानों को होनेवाले आर्थिक नुकसान का आखिर जिम्मेदार कोन भारतीय कृषि का 65 प्रतिशत हिस्सा वर्षा पर निर्भर खेतिहरों को सतर्कता बिन्दुओं के तहत होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए बीमा निवेश से अनिश्चिता क्यों दिखाई देती हे किसान को फसल नुकसान होने पर बीमा योजना का लाभ कब और कैसे मिलेगा अन्य योजनाओ की तरह फसल बीमा योजना का प्रचार क्यों नही होता विश्व में विज्ञानं ने चाहे कितनी भी सफलता हासिल की हो लेकिन बदलते मौसम पर नियंत्रण कर फसल की बर्बादी को रोकने का कोई समाधान उजागर नही हुआ भारतीय कृषि का 65 प्रतिशत हिस्सा वर्षा पर निर्भर है जिसमे फसलों की पैदावार में 50 प्रतिशत विविधता वर्षा में अंतर के कारण ही है। वेदर रिस्क मनेजमेंट प्रबंधक सोनू अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश में किसानो के लिए फसल बीमा योजनाये तो बहुत हे लेकिन वो पूर्ण रूप से कार्य नही कर रही जिसकी जानकारी किसानो के पास नही जागरूकता न होने के कारण वो इन योजनाओ का लाभ नही उठा पाते जिस कारण से अब तो मौसम और खास कर बारिश का पूर्वानुमान और मौसम पर नियंत्रण असंभव है,जिसके लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था, खास कर किसानों को होनेवाले आर्थिक नुकसान चाहे तेज हवाओ के कारण हो या बेमौसमी बारिश से ओलावृष्टि से हो या सूखे के कारण इसकी की भरपाई करने की योजना जरूरी है।फसल बीमा विशिष्ट रूप से खेतिहर को फसल की उपज में कमी के लिए सुरक्षित करता है, मौसम पर आधारित फसल मौसम



की परिस्थितियां फसल उत्पादन को प्रभावित करती है सरकार की और से किसानो के लिए खेतिहरों को सतर्कता बिन्दुओं के तहत होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए बीमा निवेश से लाभ के तरीके विकसित किए गए हैं।



लेकिन सरकार द्वारा अन्य योजनाओ की तरह किसानो के लिए फसल बीमा योजना का प्रचार प्रसार मात्र फाईलो सिमित हे जिससे किसान को फसल के नुकसान पर मुआवज़े के लिए आत्मदाह तक करना पड़ता हे क्योकि किसानो को फसल बीमा योजना की जानकारी न होने पर फसल बर्बाद के बाद सरकार की और से चंद रुपयो की मदद मिलती हे वेदर रिस्क मनेजमेंट प्रबंधक सोनू अग्रवाल ने कहा कि देश का किसान तो सभी के पेट की भूख शांत करता हे लेकिन जब खुद फसल की बर्बादी पर मायूस होता हे तो उसे पूछने वाला कोई नही किसानो को जो फसल बर्बादी के बाद सरकार द्वारा भुगतान होता हे वो फसल के अनुपात के अनुसार नही मिलता जबकि उन्हें फसल अनुपात के अनुसार बीमा राशि मिलनी चाहिए राज्य अंतर्गत जो किसान खेती करता हे फसल नुकसान के दौरान राज्य सरकार को ही फसल अनुपात के अनुसार राशि देनी चाहिए साथ ही सबी बीमा कम्पनियो को भी जिन्होंने किसानो के लिए फसल बीमा योजना फाईलो में दर्शायी गयी हे उसे किसानो उनके अधिकारों और योजनाओ के बारे में अवगत करवाना चाहिए स्वच्छ भारत अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सरकार की और से मिडिया और समाचार पत्रो के माध्यम से प्रचार कर जागरूक किया जा रहा हे लेकिन देश का एक किसान जो मेहनत से फसल तैयार करता हे और फिर बदलते मौसम की मार से उसे जो नुकसान होता हे उसकी भरपाई के लिए न तो राज्य सामने आती हे न ही केंद्र सरकार ऐसे में किसान किस पर उम्मीद जाहिर करे यदि सरकारे प्रचार के माध्यम से किसानो को फसल बीमा की जानकारी देकर जागरूक करे तो देश का किसान फसल की तबाही पर आत्मदाह नही करेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की औपचारिक शुरुआत कर किसान को नुकसान होने पर बीमा योजना का लाभ मिलेने की घोषणा तो की हे जिसके लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को ऑनलाइन नेशनल एग्रीकल्चर शुरू करेंगे यह योजना किसानो के लिए कितना कारगर सिद्ध होगी या किसान इसी तरह फसल बर्बादी पर आत्मदाह मजबूर होता रहेगा

हरियाणा कृषि विभाग गुडगाँव के डिप्टी डायरेक्टर पी एस सभरवाल भी मानते हे की किसानो को लाभ पहुचाने के लिए बनाई गयी राष्ट्रीय फसल बीमा योजना में अत्यधिक खामिया रही जिस कारण से किसनो को फसल बर्बादी पर उचित मुआवजा नही मिला प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बनाई गयी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानो को लाभ होगा साथ ही जो प्राईवेट इंश्योरन्स कम्पनिया हे और फसल बीमा करती हे वो किसानो तक इस योजना को पहुचाने में असक्षम रही हे जिससे किसानो को फसल बीमा की जानकारी नही किसानो में योग्यता के प्रति जागरूकता के कारण वो फसल बर्बाद होने पर आत्मदाह करने पर मजबूर हो जाते हे हमे इस और ध्यान देना होगा।

# 5.50 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स के कार्य का शुभारंभ



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 28 फरवरी। युवा भाजपा नेता अमन गोयल की उपस्तिथि में सेक्टर 8 प्राचीन पीपल वाला पार्क के सामने और अपना पार्क के सामने राज मदान ( भाजपा मंडल अध्यक्ष, सीही) ने आज इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य का शुभारंभ किया । इस कार्य की लागत 5.50 लाख रुपए है । सेक्टर-8 में पहुंचे मंडल अध्यक्ष राज मदान और युवा भाजपा नेता अमन गोयल का स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया । इंटरलोकिंग टाइल्स लगाने का उद्धघाटन होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला। उद्धघाटन के दौरान राज मदान ने कहा कि विधायक विपुल गोयल ने चुनाव के दौरान जो वायदे किए थे उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा , फरीदाबाद क्षेत्र में एसी कोई भी समस्या नहीं रहने दी जाएगी जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़े । साथ ही मंडल अध्यक्ष राज मदान और युवा भाजपा नेता अमन गोयल का सबसे पहले तो स्थानीय लोगों ने धन्यवाद किया और विधायक विपुल गोयल द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि उन्हे अपने विधायक पर गर्व है कि उनहे अपने क्षेत्र की जनता की सभी जरूरतों का पूरा-पूरा ख्याल है । मंडल अध्यक्ष राज मदान के सामने स्थानीय लोगों अपनी समस्याएं रखी , समस्याओं में सबसे पहले सेक्टर 8 के साथ लगे बाइपास पर बने डम्पिंग यार्ड , स्ट्रीट लाइट आदि समस्याओं से अवगत कराया जिसे उन्होने जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया । उद्धघाटन के दौरान आर एस डागर ( आरडब्लयूए प्रधान) , एस के गुप्ता , बीएस राव , अभिषेक शर्म , तिलक राज , आर के शर्मा , रतन सिंह फौजी , विष्णु गुप्ता , कुल्दीप तेवतिया , एच के शर्मा , टीटू पाठक , अशोक कुमार शर्मा व पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे ।

# हर इंसान को करना चाहिए रक्तदान : बंटी भाटिया



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 28 फरवरी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन जागरण समिति, आर्य समाज रोड एवं रैडक्रास सोसायटी फरीदाबाद हरियाणा द्वारा तीसरा रक्तदान शिविर रविवार दिनांक 28 फरवरी को आयोजित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में होटल डिलाईट के निदेशक जितेन्द्र भाटिया बण्टी उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बलदेव राज भाटिया निदेशक महारानी पेन्टस व श्री आनंद मेहता उपप्रधान एमडीईएस ने शिरकत की। इस मौके पर बण्टी भाटिया, बी.आर.भाटिया व आनंद मेहता ने संयुक्त रूप से कहा कि इस तरह के शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभदायक होते है और इस तरह के शिविरों का समय समय पर आयोजन होना भी चाहिए। उन्होंने अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से भी अपील की है कि वह इस तरह के शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों के लाभ पहुंचाये। उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान करके उन लोगों की जान बचाने का प्रण करे जो कि कुछ रक्त की कमी के कारण अपनी जान से हाथ धो बेठे है। पप्पू भाटिया प्रधान ने बताया कि शिविर में 154 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है और इस शिविर को सफल बनाने में बब्बू खत्री, मनोज नासवा, संजीव ग्रोवर, मनोज खत्री, सहित अन्य संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# समाज को बेहतर संदेश दे रहा है ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय : ललित



**खेमचंद गर्ग/गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 28 फरवरी। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय द्वारा शिव जयंती महोत्सव के अवसर पर एक विशाल शोभयात्रा निकाली गई। इस शोभयात्रा का शुभारंभ तिगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक ललित नागर ने विधिवत रुप से किया। यह शोभायात्रा सूर्या विहार सेक्टर-91 से आरंभ होते हुए कृष्णा कालोनी, श्याम कालोनी, शिव कालोनी, चौहान कालोनी, सेहतपुर से होती हुई पल्ला पुल पर आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने इस शोभायात्रा में हिस्सा लेकर समाज में शांति व भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक ललित नागर ने कहा कि ओम शांति ओम देश से देश को एक बेहतर संदेश मिल रहा है। राष्ट्र व उन्नत समाज निर्माण में यह एक अभिन्न भूमिका निभाकर जहां युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दे रहा है वहीं लोगों को आत्मिक शांति व सद्बुद्धि के रास्ते की ओर अग्रसर कर रहा है। ललित नागर ने कहा कि मनुष्य को सदैव अपनी अंतर आत्मा की आवाज सुननी चाहिए और आत्मिक स्मरण करना चाहिए ताकि मनुष्य बुरे कर्मो से बचकर पुण्य प्राप्त करें और समाज में अच्छे कार्य करके अपनी एक अलग पहचान कायम करें। उन्होंने कहा कि आज इस शोभयात्रा में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालु समाज को जो संदेश दे रहे है, यह एक बेहतर कार्य है और ऐसे कार्यो के लिए हम सभी को मिलजुकर एकजुट होना चाहिए ताकि समाज में शांति व उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो सके। इससे पूर्व प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय की संचालिका बहन ऊषा व अन्य द्वारा विधायक ललित नागर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बहन ऊषा ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय का उद्देश्य सामाजिक बुराईयों व कुरीतियों को समाप्त करके मनुष्य को उनके अधिकारों व कर्त्तव्यों से अवगत करवाया है। उन्होंने कहा कि सराय ख्वाजा स्थित उनके सैंटर में लड़कियों को स्वावलम्बी बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे है और मनुष्य को आत्मिक ज्ञान देने के लिए भी उनके विद्यालय द्वारा समय-समय पर कार्य किए जाते है। इस अवसर पर बिंदू बहन जी, प्रीति बहन जी, सरोज बहन जी, सुनीता बहन जी, हरपाल भाई, दलीप भाई, राममूर्ति, हरिसिंह भाई, देवेन्द्र तोमर, नवीन अत्री, राजू नागर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# एल्ली अनुप मित्तल बने इंटरनेशनल प्रैसीडेंट



**खेमचंद गर्ग/गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 28 फरवरी। एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल एल्ली क्लब के नवनियुक्त 2016-17 के लिए नवनियुक्त इन्टरनेशनल प्रैसीडेंट अनुप मित्तल, डायरेक्टर के.जी.अग्रवाल, सेक्रैटरी एम.पी.एस.भारज, एडवाईजर ए.के.गोयल, बनने पर आज गोल्डन ग्लैक्सी होटल्स में जोरदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर आर.के.चिलाना, सतीश परनामी, आर.के.गोयल, विष्णु गोयल, राजेशवर गर्ग, पदम जैन, एस.सी.गुप्ता, देवेन्द्र गोयल, अशोक अरोडा, राजेश शर्मा (गुडडु), महेश मित्तल, रवि मनचंदा, विनोद गर्ग, प्रदीप गर्ग, राजेश अग्रवाल ने परिवार सहित नवनियुक्त पदाधिकारियों को मुबारकबाद देकर उनका फूलों के बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने श्रीमती अनिता मित्तल, वी.के.अवस्थी सहित सुमन अवस्थी का भी फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त प्रैसीडेंट अनुप मित्तल ने कहा कि 2016-17 में कैंसर डिटैक्शन कैम्पों का आयोजन किया जायेगा प्रत्येक शहर में साथ ही साथ समय समय पर जागरूकता अभियानों का भी आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर उपस्थितजनों का सम्बोधित करते हुए आर.के. चिलाना ने कहा कि श्री अनुप मित्तल को वह पिछले करीब 25 वर्षो से जानते है और उन्होंने पिछले 25 वर्षो में समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव अपनी अहम भूमिका निभाई और आज उन्हीं कार्यो की बदौलत उन्हें इस जिम्मेवारी से नवाजा गया है। इस मौके पर सभी आये हुए एल्ली व लायंस मैम्बरों ने विश्वास दिलाया कि अनुप मित्तल के साथ वह सभी समाजसेवा में अपनी अग्रणीय भूमिका निभायेंगे और उनके दिशा निर्देशों पर चलेंगे।

# बच्चों के भविष्य की पहली सीढ़ी हैं स्कूल : राजेश नागर



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 28 फरवरी। बाल कल्याण सी.सै.स्कूल मंझावली में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तिगांव विधानसभा भाजपा के पूर्व प्रत्याशी राजेश नागर उपस्थित थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए राजेश नागर ने कहा कि स्कूल बच्चे के उज्जवल भविष्य की पहली सीढ़ी होती है। इसीलिए स्कूल के अध्यापकों की आज्ञा मानना हर बच्चे का पहला ध्येय व कर्तव्य बनता है। इस अवसर पर राजेश नागर द्वारा बच्चो को मैडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर गुरूदत्त शर्मा ने मुख्य अतिथि राजेश नागर को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंझावली गांव के सरपंच राकेश शर्मा, पूर्व सरपंच रामचन्द्र यादव, रायपुर कलां सरपंच अशोक कुमार, पूर्व पंचायत मैम्बर लख्मी भाटी, बाल कृष्ण यादव, शास्त्री जी, विनेश खट्टर, नीरज वरिष्ठ कोच तीरंदाजी, सुरेनद्रान्द योगाचार्य मझांवली गुरूकुल, राजवीर नम्बरदार, बाबू लाल नम्बरदाद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# पलवल : होलिया में उड़ा रे गुलाल.. की धुन पर जमकर हुआ धमाल

**देशपाल सौरोत/गुड़गांव मेल**

पलवल, 28 फरवरी। होली की मस्ती और रंगों की फुहार...., कुछ ऐसा ही नजारा था यहां पलवल-बल्लभगढ हाईवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल बल्लबगढ़ का। जहां हर पल खूबसूरत रंगों से खिल उठा। 'होलिया में उड़े रे गुलाल...' जैसे होली गीतों से स्कूल का चप्पा-चप्पा गूंज उठा। मौका था होली उत्सव का, जिसे नाम दिया गया 'क्रेजी कलर्स कार्नीवल'।

स्कूल के प्रो.वाइस चेयरमैन एस.पी.लाल ने प्रज्जवलन के साथ उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कई प्रकार की मनोरंजक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिताएं अलग-अलग वर्गों के लिए आयोजित की गई। मजेदार बात ये थी कि सभी प्रतियोगिताएं रंगों से जुड़ी हुई थी। जहाँ बच्चों के लिए फेस पेंटिग, रंगों से इन्द्रधनुष का निर्माण, कोलॉज मेकिंग, थॉली डेकोरेशन एवं नृत्य संगीत जैसी प्रतियोगिताएं थी, वहीं माताओं के लिए रंगोली डिजाइन तो दादा-दादी के लिए होली गीत संगीत जैसी प्रतियोताओं का आयोजन किया गया। कुल मिलाकर क्या बच्चे, क्या बड़े सभी ने उत्सव का खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर श्री एस.पी.लाल जी ने बच्चों की हौसला अफ़्ज़ाई करते हुए कहा, देश का हर बच्चा खूबसूरत रंग के समान है। जैसे हर रंग अपने-आप में कुदरती खूबसूरती समेटे हुए है, इसी प्रकार ईश्वर ने हर बच्चे को भी किसी न किसी खूबसूरत प्रतिभा से नवाजा है।

बस जरूरत है, तो उस प्रतिभा को दुनिया के सामने लाने की, फिर देखिए ये बच्चे कैसे अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरते हैं, और दुनिया को खूबसूरत बनाते हैं।स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती आरती



अनिल लावंद ने रंगों की महत्ता को दर्शाते हुए ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी की एक पंक्ति का हवाला देते हुए कहा कि हर रंग का अपना ही ख़ास महत्व है।

फिर चाहे काला रंग ही क्यों न हो। क्योंकि आज भी भारत के अधिकतर स्कूल में काल रंग के ब्लैकबोर्ड पर, श्वेत शब्दों में, स्वर्णिम चरित्र का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों उन खूबसूरत फूलों के समान हैं, जिन्हें यदि सुसंस्कारों एवं अच्छी शिक्षा के साथ पोषित किया जाए, तो यही बच्चे आगे चलकर अपनी खुशबू से देश रूपी गुलिस्तां को महकाएंगे।स्कूल की मुख्याध्यापिका पूर्णिमा वाधवा जी ने बताया कि डीपीस बच्चों के स्वर्णिम विकास में अनूठा योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ जीवन में मनोरंजन का भी बहुत महत्व है। इसलिए डीपीएस बल्लबगढ़ परिवार समय-समय पर इस प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित कर, लगातार बच्चों के अभिभावकों के भी संपर्क में बना रहता है।

क्योंकि डीपीएस बल्लबगढ़ ना सिर्फ बच्चों को बल्कि अभिभावकों को भी डीपीएस परिवार का ही एक अहम सदस्य समझता है और समय-समय पर इस प्रकार द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के जरिए स्कूल के प्रति उनके विचारों एवं जरूरतों को जानने के लिए उत्सुक रहता है। इस मौके पर फैन्सी ड्रेस कॉम्पीटिशन में रौनक गुप्ता, फेस पेंटिंग में राधिका अग्रवाल, रेनबो आर्ट कॉम्पीटिशन में रीत नरुला, आर्ट कॉम्पीटिशन में समर्थ नरुला एवं सोलो डॉन्स कॉम्पीटिशन में साची आदि विजयी रही।

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित रंगोत्सव में बच्चों ने बिखेरे रंग



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 28 फरवरी। तिगांव स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में 'रंगोत्सव' का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान तीन कैटेगिरी में बच्चों को ड्राइंग एवं कलरिंग में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

प्रतियोगिता में बच्चों ने खुलकर रंग बिखेरे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में बच्चों को पुरस्कार एवं सर्टीफिकेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव, स्कूल के डॉयरेक्टर दीपक यादव, श मी यादव, प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य लोग मु य रूप से उपस्थित थे। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के डॉयरेक्टर दीपक यादव ने बताया कि इस आयोजन के अवसर पर एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्कूल के बारे में उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को पूरी जानकारी दी गई, जिसे सभी उपस्थितजनों ने काफी सराहा। यादव ने कहा कि स्कूल में दाखिला प्रक्रिया जारी है। वह अभिभावकों व बच्चों को इस बात का विश्वास दिलाते है कि स्कूल में उनको वह हर सुविधाएं मिलेगी जोकि स्कूलों में आवश्यक होती है।

उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ साथ खेलकूद आदि की भी पूरी तरह से व्यवस्था की गयी है ताकि छात्र-छात्राएं शिक्षा के साथ साथ खेलकूद में भी अपनी भागीदारी निभाते हुए अपना मुकाम हासिल कर सके।

स्कूल के बारे में जानकारी देते हुए यादव ने बताया कि स्कूल में सुंदर कमरे, खेलने के लिए बड़ा मैदान, कंप्यूटर रूम, वैज्ञानिक प्रयोग के लिए लैब सहित अन्य कई ऐसी सुविधाएं बच्चों को दी जा रही है जो कि आज की पहली मांग है। स्कूल का अभिभावकों के साथ तालमेल सदैव बना रहता है।

हमारा स्कूल का स्टॉफ समय-समय पर सेमीनार एवं अन्य गतिविधियां आयोजित करता रहता है जिससे बेहतर तालमेल के साथ छात्र-छात्राओं की समस्याओं को सुलझाने में मदद मिलती है। स्कूल व अभिभावकों का तालमेल भी शिक्षा के स्तर को सुधारने में काफी महत्व रखता है। गौरतलब है कि विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्थान रखता है। स्कूल प्रशासन ने दूरदर्शी सोच और अपने शिक्षा को नया आयाम देने के जज्बे से इस शिखर को हासिल किया है। स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेल, कला-संस्कृति एवं अन्य एक्स्ट्रा केरिकुलर एक्टिविटीज़ का भी समय-समय पर आयोजन करता रहता है जिससे बच्चों को खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है।

## बेदखली सूचना

**हम अशोक अरोड़ा पुत्र श्री सीताराम अरोड़ा व श्रीमती विनोद बाला पत्नी श्री अशोक अरोड़ा निवासी मकान नं. 1966/12, जवाहर कालोनी, एनआईटी फरीदाबाद के रहने वाले है। हमारा सगा पुत्र नितिन अरोड़ा व उसकी पत्नी शिखा हमसे दूर शालीमार गार्डन गाजियाबाद उ0प्र0 में रहते है और दोनों हमारे कहने से बाहर है तथा हमसे अक्सर लड़ाई झगड़ा करते रहते है इसलिए हमने अपने पुत्र नितिन अरोड़ा व पुत्रवधू शिखा को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में जो भी इन दोनों से से किसी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार करेगा, उसके लिए वह स्वंय जिम्मेवार होगा। हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

फरीदाबाद में गुड़गांव मेल में विज्ञापन, समाचार देने के लिये संपर्क करें।
खेमचंद गर्ग : ब्यूरो गुड़गांव मेल
मो. 9873384208
khemchand.virat@gmail.com
gurgaonmaildaily@gmail.com

# सोनीपत : संस्कार की परिभाषा सीखें युवा : कविता जैन



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

सोनीपत, 28 फरवरी। शहरी स्थानीय निकाय, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री कविता जैन ने कहा है कि वर्तमान समय में संस्कार की परिभाषा सीखना अनिवार्य हो चुका है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की जिम्मेदारी बढ गई हैं, यदि वह अपने बच्चों में धर्म, संस्कार, संस्कृति के सभी भावों को कूट-कूट कर नहीं भरेंगे तो सामाजिकता का पतन होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि धरा हमारी है और इसे बचाने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

रविवार को ओल्ड डीसी रोड स्थित आर्य समाज शांति मंदिर परिसर में युवा संस्कार संगठन द्वारा विश्व कल्याण की भावना तथा वायु प्रदूषण व पर्यावरण की शुद्धि के लिए आयोजित 11 कुंडीय बृहद् यज्ञ में मुख्यातिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने शिरकत की। उन्होंने युवाओं एवं मातृ शक्ति से आह्वान किया कि आज देश गुलाम नहीं है। हमारी बेटियां शिक्षित हैं और सबसे ताकतवर हैं। मातृ शक्ति को अब सभ्यता एवं संस्कृति को पहचानने का समय आ गया है। उन्होंने बीते दस दिनों में रहे प्रदेश के माहौल में युवाओं के पथभ्रष्ट होने पर सबक लेने का आह्वान करते हुए कहा कि अब हमारे युवा के अंदर संस्कार, धर्म एवं संस्कृति के भाव लाना अनिवार्य हो गया है। संस्कार की परिभाषा सिखाने के लिए माता-पिता को अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभानी होगी, अन्यथा सामाजिक समरसता और भाईचारा विघटन की ओर बढ जाएगा।

कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि छोटे बालक को ही जब माता सकारात्मक दृष्टिकोण एवं धर्म का ज्ञान देंगी तभी वह बडे होकर समाज और देश के लिए अपना फर्ज अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू द्वारा बाल्यकाल में ही धर्म एवं संस्कार पर चलने के कारण आज उनकी माताओं को उनके पुत्रों के नाम से जाना जाता है। उन्होंने वीर माता जीजाबाई का उदाहरण देते हुए कहा कि वीर माता जीजाबाई छत्रपति शिवाजी की माता होने के साथ-साथ उनकी मित्र, मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत भी थीं। उनका सारा जीवन साहस और त्याग से भरा हुआ था। उन्होने जीवन भर कठिनाइयों और विपरीत परिस्थितियों को झेलते हुए भी धैर्य नहीं खोया और अपने 'पुत्र 'शिवा' को वे संस्कार दिए, जिनके कारण वह आगे चलकर हिंदू समाज का संरक्षक 'छात्रपति शिवाजी महाराज' बना। उन्होंने प्रत्येक माता से आह्वान किया कि वह अपने बेटे, बेटियों को संस्कारवान बनाए, ताकि समाज व देश को बेहतर दिशा दिखाई जा सके। इस दौरान उन्होंने युवा संस्कारवान बच्चों को भी सम्मानित किया। ओम साधना मंडल करनाल से स्वामी दयानंद विदेह एवं वैदिक प्रवक्ता आचार्य धर्मवीर ने युवाओं को अपने प्रवचन से भविष्य की राह दिखाई। इस मौके पर युवा संस्कार संगठन के अध्यक्ष महेंद्र कुमार शास्त्री, प्रचार मंत्री सत्यप्रकाश आर्य, संचालक सत्यव्रत आर्य, कोषाध्यक्ष परियव्रत आर्य, सुधांशु मित्र, उदय कुमार शास्त्री, अनंत आर्य, अरूण आर्य, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

# खरखौदा : आमजन के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक सरकार : राजी जैन



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

खरखौदा, 28 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के प्रदेश संयोजक राजीव जैन ने कहा कि भाजपा सरकार आमजन के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है। लगातार स्वास्थ्य विभाग हर आयु वर्ग के लिए बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रयास कर रहा है। बुजुर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सरकार खंड स्तर पर मेगा नेत्रजांच शिविर आयोजित कर रही है और बुजुर्गों को सफेद मोतिया के आप्रेशन अपने अस्पतालों में निशुल्क करवा रही है।

रविवार दोपहर खरखौदा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित मेगा नेत्र जांच शिविर के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के प्रदेश संयोजक राजीव जैन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए भाजपा सरकार लगातार बेहतर योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार बनने के बाद सबसे पहली चिकित्सकों की भर्तियां की गई। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग में लापरवाह अधिकारी एवं कर्मचारियों पर शिकंजा कसने तथा दवाईयों की कमी को पूरा करने के लिए काम किया गया है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वह भी सेवाओं के सुधार के लिए प्रशासन, सरकार के सामने अपने सुझाव दें, ताकि हम बेहतर सुविधा हर व्यक्ति की पहुंच तक लाएं। इस मेगा कैंप की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. जसवंत सिंह पूनिया ने की। इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र सिंह, एसएमओ डॉ. हरधर पासी, डॉ. इंद्रजीत आदि मौजूद रहे।

**476 की जांच, 77 सफेद मोतिया मरीजों के आप्रेशन आज**


सिविल सर्जन डॉ. जेएस पूनिया ने बताया कि मेगा नेत्र जांच शिविर में 476 बुजुर्गों का पंजीकरण किया गया। जिसमें सामान्य अस्पताल सोनीपत के डॉ. गिनी लांबा, डॉ. सुशील मानिकटालिया, डॉ. विकास चहल एवं सेवानिवृत डॉ. राजीव सेठी, डॉ. नरेश बत्रा द्वारा जांच की गई। इसमें 77 बुजुर्ग मरीजों को सफेद मोतिया की पुष्टि हुई तथा उनका 29 फरवरी को सामान्य अस्पताल सोनीपत में आप्रेशन किया जाएगा। इन मरीजों को लाने व वापस घर छोडने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की रहेगी।

# उपद्रवियों, मंत्री व मुख्यमंत्री 36 हजार करोड के नुक्सान के लिए बराबर के जिम्मेदार : राकेश

**राजेन्द्र चौहान/गुड़गांव मेल**

करनाल, 28 फरवरी। पूर्व विधायक एवं हजकां महासचिव राकेश काम्बोज ने हरियाणा में आरक्षण के नाम पर हुए दंगों की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश व देश की भाजपा सरकार हरियाणा के जाट आरक्षण दंगों को सँभालने व रोकने में पूरी तरह विफल रही।

हरियाणा पुलिस और अन्य अधिकारियों के सरकार ने हाथ बांध रखे थे जिसके कारण प्रदेश को 36000 करोड का नुकसान झेलना पडा। इसके लिये उपद्रवियों व मंत्री व मुख्यमंत्री बराबर के जिम्मेदार है।



उन्होंने अपना दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की दुकाने जलायी गयी, बडें बडे शोरूम को खाख कर दिया गया, हमारी माताओं बहनों की इज्जत पर हाथ डाला गया, सरकारी मशीनरी तबाह कर दी गयी जिससे प्रदेश में भय व रोष का माहौल बना हुआ है।

सरकार में तमाम मंत्री व मुख्यमंत्री सही समय पर सही निर्णय नही ले पाये जिससे हालात बिगडते चले गए और प्रदेश को 36000 करो ? का नुकसान झेलना प ?ा। कुछ मंत्री सुनवाई न होने का बहाना बना कर अपना पल्ला झा ?कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसे मंत्रियों व विधायकों से सावधान रहना चाहिए और उनसे पूछना चाहिए की 9 दिन के इस आंदोलन में सरकार ने ठोस कदम क्यों नही उठाये। उन्हीने अच्छे दिन के नारे को चुनावी स्टंट बताते हुए कहा कि प्रधान मंत्री की शांति बनाये रखने की अपील तक नही आई जिससे पता चलता है कि हरियाणा की जनता उनके लिए मायने नही रखती। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दोहराते व सरकार से अपील करते हुए कहा कि जो भी नुकसान जिस भी व्यक्ति को हुआ उसकी क्षतिपूर्ति के लिए एक प्लान तैयार किया जाये।

# बीएसएनल अधिकारी 4-जी योजना का प्रस्ताव तैयार करें : दुष्यंत चौटाला



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

हिसार, 28 फरवरी। संचार क्षेत्र में घोर प्रतियोगिता के इस युग में निजी कंपनियों से मुकाबला करने के लिए भारतीय संचार निगम लिमिटेड को अपने उपभोक्ताओं को 4-जी सेवा प्रदान करने दिशा में कदम उठाना चाहिए। बीएसएनएल देश की सबसे बड़ी सरकारी संचार कंपनी है और देश में सबसे बड़ा नेटवर्क है। उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बीएसएनएल के अधिकारी हिसार सर्कल में 4-जी सेवा शुरू करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेंजे। यह निर्देश सांसद दुष्यंत चौटाला ने आज दूरसंचार सलाहाकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। यह बैठक सिरसा में आयोजित की गई थी। इस बैठक में सिरसा के सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, दूरसंचार विभाग के महाप्रबंधक एके गुप्ता,सलाहाकार समिति के सदस्य पंकज मेहता, राज हसीना, आशीष सैनी, राजेंद्र चुटानी, बिट्टू नैन, धर्मवीर नैन, कपिल, विनोद व भगवान सिंह भी मौजूद थे।

इस बैठक में बीएसएनल के पिछली दो बैठकों में रखे गए प्रस्तावों की समीक्षा की गई और विभाग द्वारा उन पर की उठाए गए कदमों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी हासिल की। सांसद दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बीएसएनएल के अधिकारी पिछली प्रस्तावित योजनाओं को जल्द से जल्द अमल में लाएं जिससे कि उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके। उन्होंने हिसार, फतेहाबाद व सिरसा में सार्वजनिक स्थानों पर वाईफाई के लिए लगाए हॉट-स्पॉट उपकरणों के लगाने की स्टेट्स जाना और उपकरणों को जल्द से जल्द लगाने के निर्देश दिए। यहां बता दें कि इस सर्कल में हिसार शहर में 8, सिरसा में 7 व फतेहाबाद में 3 स्थानों पर फ्री वाई-फाई देने की योजना है। बीएसएनल के महाप्रबंधक ने बताया कि मोबाईल उपभोक्ताओं को बेहतन सेवाएं देने के लिए हिसार मंडल में 122 टावर लगाने की मंजूरी मिल गई है जिन्हें आगामी वित्त वर्ष में लगाया जाएगा।

# सरकार से मिलने वाले मुआवजे को बांटा जाएगा पीड़ितों में : कैप्टन अभिमन्यु



**शांतिप्रकाश जैन/गुड़गांव मेल**

रोहतक, 28 फरवरी। हरियाणा के वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के निवास स्थान पर रविवार को सदभावना यज्ञ किया गया। सदभावना यज्ञ के माध्यम से सर्व समाज के लोगों ने एक साथ मिलकर समाज में फैले आपसी द्वेष को यज्ञ में जलाने का संकल्प लेते हुए आहुति डाली।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए वित्तमंत्री ने कहा कि आज उनके निवास स्थान पर उनके परिवार, शुभचिन्तक, साथी आदि सर्व समाज के लोगों ने सदभावना यज्ञ में भाग लिया है। इस यज्ञ में आहुति डालते हुए सर्व समाज के लोगों ने संकल्प लिया है कि समाज में फैला द्वेष इस यज्ञ में पूर्णतया जल जाए और समाज में आपसी भाईचारा व शांति कायम रहे। उन्होंने कहा कि घटना में उनके घर को हुए नुकसान को लेकर सरकार व प्रशासन द्वारा जो भी सहायता उन्हें दी जाएगी, वे उस सहायता को पीड़ित एवं प्रभावित गरीब व्यक्तियों को देंगे ताकि उन व्यक्तियों का ठीक तरह से गुजर-बसर हो सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उनके बड़े भाई कैप्टन रूद्रसैन द्वारा संचालित परम मित्र मानव निर्माण संस्था के माध्यम से भी पीड़ितों की मदद की जाएगी। वित्तमंत्री ने कहा कि वे भगवान से कामना करते हैं कि ईश्वर सभी को सदबुद्धि दे और व्यक्तियों में एक दूसरे के प्रति जो द्वेष भावना है, वह समाप्त हो जाए।


उन्होंने कहा कि शुभचिन्तकों व पड़ोसियों के सहयोग से उनके परिवार के सभी सदस्य सकुशल हैं। भगवान ने व्यक्तिगत सम्पति को हुए नुकसान की भरपाई के लिए उन्हें पूरा सामर्थ्य व क्षमता दी है। सरकार की ओर से निजी सम्पति के मुआवजे के रूप में मिलने वाली सहायता राशि को वे ऐसे गरीब पीड़ित व्यक्तियों को दान करेंगे, जिनकी इस घटना के दौरान रोजी-रोटी छिन गई है। इस अवसर पर विधायक मनीष ग्रोवर ने कहा कि भगवान सभी लोगों को सदबुद्धि दे और पूरे प्रदेश में सदभावना व शांति हमेशा कायम रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अढ़ाई करोड़ लोगों में भाईचारे की भावना हमेशा बनी रहे। विधायक ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए नुकसान की सरकार द्वारा भरपाई की जाएगी। इससे पूर्व सदभावना सभा में वित्तमंत्री के बड़े भाई कैप्टन रूद्रसैन और स्वामी आर्यवेश ने भी प्रदेश में शांति, सदभावना व भाईचारे की प्रार्थना की। सदभावना यज्ञ में एसडीएम दलबीर सिंह फौगाट, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. सूर्या खटकड़, तहसीलदार गुलाब सिंह, रमेश बल्हारा, प्रतिभा सुमन व रणबीर ढाका आदि सैंकड़ों लोगों ने आहुति डालकर शांति व भाईचारे की कामना की।

# पलवल : महात्मा गांधी की मूर्ती तोड़ी

**देशपाल सौरोत/गुड़गांव मेल**

पलवल, 28 फरवरी। स्थानीय महात्मा गांधी पंचायत एवं सामुदायिक भवन में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रतिमा का दाहिना हाथ व लाठी आदि तोड दी गई हैं। प्रतिमा खंडित करने के पीछे किस का हाथ है यह जानकारी नही मिल पाई है। थाना कैंप पुलिस को शिकायत कर दी गई है।

जाट आरक्षण की आग अभी शांत भी नही हुई है कि अचानक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित किए जाने के मामले ने आपसी भाईचारे को बिगाडने के लिए आग में घी डालने का कार्य कर दिया।



लोगों में भारी रोष बनाया हुआ है। जैसे ही लोगों को पूर्ची तोडने की सूचना मिली वैसे ही वहां मूर्ती देखने वालों का तांता लग गया।

**कब हुई स्थापना**

माहत्मा गांधी सामुदायिक एवं पंचायत भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की स्थापना 2 अक्टूबर 2013 में प्रमुख समाजसेवी संस्था श्री वैश्य अग्रवाल विवाह समिति ने कराई थी। समिति के संयोजक एवं संस्थापक ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंच कर उन्होंने देखा कि मूर्ती का दाहिना हाथ व लाठी आदि के 9 टूकडे जगह-जगह बिखरे पडे थे।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

घटनास्थल पर मौजूद डीडीपीओ दीपक यादव ने कह कि इस मामले की शिकायत पुलिस को भेज दी गई है। वे जिला उपायुक्त से मिलकर सारे मामले पर कार्रवाई कराएंगे।

**क्या कहते हैं लोग**

वैश्य अग्रवाल सभा के मुख्य कार्यक्रम संयोजक एवं जिला बार एसोशियेशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव मंगला एडवोकेट, श्री वैश्य अग्रवाल विवाह समिति के अध्यक्ष एसपी मित्तल, संयोजक ओमप्रकाश गुप्ता, रामप्रसाद बिस्मिल विचार मंच के अध्यक्ष रणवीर कौशिक ने कहा है कि जिले के भाईचारे को समाप्त करने के लिए और क्षेत्र में अमनशांति को बिगाडने के लिए शरारती तत्वों ने यह कार्य किया है।

जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होने जिला प्रशासन व पुलिस मांग की है कि तुरंत नई मूर्ति स्थापित की जाए तथा शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाई की जाए।

# व्यापार हित मण्डल की आगामी बैठक 13 मार्च को : भाटिया

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

रोहतक, 28 फरवरी । हरियाणा उधोग व्यापार हित मण्डल (रजि.) के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आज सर्विस कल्ब में हुई ।

जिसमें भारतीय उधोग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बालकिशन अग्रवाल मुख्यातिथि थे जबकि अध्यक्षता हरियाणा उधोग व्यापार हित मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष अनिल भाटिया व रत्तन लाल बंसल ने सयुंक्त रूप से की ।

बैठक को संबोधित करते हुये बालकिशन अग्रवाल ने कहा कि व्यापार मण्डल के पदाधिकारी एक एक दुकानदार के पास जाकर सर्वे करके जल्द से जल्द सरकार द्वारा घोषित मुआवजे को दिलवाने का कार्य कर रहे हैं । प्रदेश की मौजूदा सरकार तुरंत प्रभाव से व्यापारियों को शत प्रतिशत मुआवजा देने की घोषणा कर चुकी हैं । हमें सरकार पर पूरा विश्वास करना चाहिये जल्द बाजी में कोई कदम ऐसा न उठाये जिससे व्यापारी वर्ग को कोई नुक्सान न हो और प्रदेश का माहौल खराब न हो ।

उन्होने कहा कि जल्द ही हरियाणा व्यापार मण्डल का एक शिष्टमण्डल राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम बिहारी मिश्रा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री से मिलकर हरियाणा के पीड़ित व्यापारियों को अधिक से अधिक सुविधायें तथा सुरक्षा दिलवाने का प्रयास करेगा ।

प्रदेश अध्यक्ष अनिल भाटिया ने कहा कि हरियाणा की राजनीति में



मौजूदा मुख्यमंत्री आरक्षण आंदोलन के समय सही समय पर सही निर्णय नहीं ले पाये जिस का नुक्सान व्यापारी वर्ग का उठाना पड़ा । व्यापारी वर्ग के इस नुक्सान को पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री हरियाणा को व्यापारियों को शत प्रतिशत मुआवजा देना चाहिये ताकि व्यापारियों को कुछ हद तक राहत मिल सके । भाटिया ने केन्द्र सरकार से विशेष पैकेज हरियाणा को देने की मांग की । हरियाणा व्यापार मण्डल प्रदेश में भाईचारा कायम करने के लिये छत्तीस बिरादरी के सभी नेता सभी राजनैतिक दलों के नेता सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को साथ लेकर प्रदेश का सामाजिक ताना बाना नहीं टूटने देगें ताकि विदेशी कम्पनियां जो हरियाणा में उधोग लगाने चाहते हैं उनकी गति ना रूक सके । उन्होने कहा कि हरियाणा व्यापार मण्डल न तो कभी आरक्षण के खिलाफ था न ही आरक्षण के खिलाफ रहेगा बल्कि छत्तीस बिरादरी के लोगों को निजी संस्थानों में अधिक से अधिक रोजगार मिले । हरियाणा व्यापार मण्डल मांग करता है कि जिन लोगों ने आरक्षण की आड़ में जो उत्पात मचाया हैं और उन लोगों के पीछे जो नापाक ताकते काम कर रही हैं, उन लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाई की जाये ताकि इस तरह की घिनौनी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और प्रदेश में भाईचारा कायम रह सके । आगामी रणनीति तय करने के लिये प्रदेश अध्यक्ष अनिल भाटिया ने 13 मार्च को अहम बैठक बुलाई हैं । व्यापारियों की सुरक्षा के समय अराजक तत्वों द्वारा अनिल भाटिया को चोटिल कर दिया गया था, व जल्द ही उनको ठीक होने की कामना की । इस बैठक में प्रदेश महासचिव जोगेन्द्र सैनी, विजय कपूर, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकपूर, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज रसवंत, स्टेट सैक्ट्ररी ललित मोहन सैनी, शौरी मार्किट के प्रधान गुलशन ईश्पुनियानी, जिला प्रधान सोम मलिक, गुलशन निझावन, रामजीदास मिगलानी, संदीप बक्षी, आशु खुराना, मदन गुलाटी, रमेश आहुजा, अनिल बजाज, विपिन गोयल, राकेश गर्ग, करनाल से प्रमोद गुप्ता व कृष्ण लाल तनेजा, पानीपत से रोशन लाल उप्पल, सोनीपत से अरूण अग्रवाल, फ रीदाबाद राम जुनेजा, पलवल दीपक शर्मा व लोकेश मित्तल, होडल से रमेश गर्ग, झज्जर राकेश अरोड़ा व राम सिंह कुछल, कुरूक्षेत्र रतनलाल बंसल, पानीपत अजीत चावला, फरीदाबाद से नेमचंद शर्मा, दादरी बालकिशन अग्रवाल, जुलाना से रोशन लाल सिंगला, गोहाना से रामनिवास गर्ग, समालखा सें बंसत सिंह जैन इत्यादि मौजूद रहे ।

# निगम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 28 फरवरी। नगर निगम के सौजन्य से सैक्टर-4 स्थित बाल भवन में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में गुड़गांव निवासियों ने राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली तथा दर्शकों को ऐसा आभास हुआ जैसे वो ब्रज में हों। यह कार्यक्रम तृप्ति इंटरनेशनल फॉक ग्रुप मथुरा के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसकी निर्देशिका तृप्ति द्विवेदी हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत कलाकारों ने गणेश वंदना से की तथा इसके बाद मयूर नृत्य, राधा-कृष्ण की महाआरती, महा रास सहित ब्रज की लठमार व फूलों की होली से दर्शकों को राधा-कृष्ण की विभिन्न लीलाओं से रूबरू करवाया। उपस्थित दर्शकों ने राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली तथा पूरा वातावरण भक्ति से सरोबार ब्रजमय हो गया।

कार्यक्रम की निर्देशिका तृप्ति द्विवेदी ने बताया कि हिन्दुस्तान में होली का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन ब्रज की होली 45 दिन तक चलती है और इन दिनों में ब्रज की ग्वालन अपने ग्वालों के साथ जमकर होली खेलती हैं। महारास के बारे में उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण के साथ महारास में शामिल होने वाली गोपियां ऋषि-मुनि थे, जिनकी कई सदियों से यही इच्छा थी कि भगवान श्रीकृष्ण उनके साथ कोई लीला रचाएं। यही नहीं इस महारास में भगवान शिव भी नारी का रूप धारण करके शामिल हुए थे। उन्होंने मयूर नृत्य के बारे मं जानकारी देते हुए बताया कि राधारानी और अन्य गोपियों की इच्छा थी कि कान्हा उनकी मयूर कुटि में मोर बनकर नाचे और उनकी यह इच्छा भगवान श्रीकृष्ण ने पूरी की।



नगर निगम के स्वच्छता सलाहकार श्याम सुंदर ने उपस्थित दर्शकों से अनुरोध किया कि वे पॉलीथीन का इस्तेमाल ना तो स्वयं करें और ना ही दूसरों को करने दें। उन्होंने कहा कि पॉलीथीन के कई दुष्परिणाम होते हैं। इससे हमारा शहर गंदा होता है और पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। यही नहीं पॉलीथीन स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दर्शकों को दिया। कार्यक्रम में जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं नगर निगम के स्वच्छता सलाहकार श्याम सुंदर अपनी पत्नी के साथ राधा-कृष्ण की आरती में भाग लिया। इसके अलावा, अलंकार ज्वैलर्स से अरूण महेश्वरी, ब्राह्मण वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित अजय शर्मा, नगर निगम के सांस्कृतिक सलाहकार विश्व दीपक त्रिखा, शिक्षाविद अर्जुन वशिष्ठ, रंगकर्मी अरूण मारवाह, मोहन कांत व अनिल संडूजा, अतरसिंह संधु सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मार्च माह में पहले व दूसरे शनिवार को नहीं होंगी सांस्कृतिक संध्याएं

**- 14 से 17 मार्च तक आयोजित होगा चार द्विवसीय नाट्य उत्सव**

**- अब सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सैक्टर-29 स्थित ओपन एयर थिएटर में होगा**

गुड़गांव, 28 फरवरी। गुड़गांव में 7 व 8 मार्च को हैपनिंग हरियाणा-ग्लोबल इनवैस्टर्स सम्मिट का आयोजन किया जाएगा। इसके मद्देनजर नगर निगम द्वारा प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याएं 5 मार्च व 12 मार्च को आयोजित नहीं की जाएंगी।

इस बारे में जानकारी देते हुए नगर निगम के प्रवक्ता ने बताया कि हैपनिंग हरियाणा-ग्लोबल इनवैस्टर्स सम्मिट के आयोजन की तैयारियों में जिला प्रशासन, हुडा व नगर निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी जुटे हुए हैं। इस कारण दो शनिवार 5 मार्च व 12 मार्च को सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन नहीं करने का फैसला लिया गया है। इसके बाद 14 मार्च से 17 मार्च तक सैक्टर-29 स्थित ओपन एयर थिएटर में चार द्विवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 व 12 मार्च को छोड़कर अब प्रत्येक शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सैक्टर-29 स्थित ओपन एयर थिएटर में होगा। उन्होंने गुड़गांव के नागरिकों से आह्वान किया कि वे 14 मार्च से 17 मार्च तक ओपन एयर थिएटर में आयोजित होने वाले चार द्विवसीय नाट्य उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

# कुन्सकैप्सकोलन इंटरनैशनल में लॉन्च हुई पद्‍मश्री गगन नारंग की गन फोर ग्लोरी शूटिंग अकेडमी

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 28 फरवरी। अब गुड़गांव के स्टूडेंट्स को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्टर व अंतरराष्ट्रीय लेवल की शूटिंग की सुविधा अपने ही शहर में मिल पाएगा। रविवार को न्यू गुड़गांव स्थित कुन्सकैप्सकोलन इंटरनैशनल में शूटिंग अकैडमी का उद्‍घाटन किया गया। पद्‍मश्री गगन नारंग ने अपनी शूटिंग अकैडमी गन फोर ग्लोरी का लॉन्च केआई में किया। इस मौके पर गगन नारंग ने स्टूडेंट्स को शूटिंग के बारे में बताया व स्टूडेंट्स ने शूटर के साथ शूटिंग के शॉट लगाए।



गन फोर ग्लोरी के लॉन्च के मौके पर मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अमित भल्ला, कुन्सकैप्सकोलन के सीईओ श्री कुणाल भादो मौजूद रहे। लॉन्च के मौके पर शूटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें 6 साल से 14 साल तक के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। नार्थ इंडिया में यह पहली गन फोर ग्लोरी अकैडमी लॉन्च की गई है।

अकैडमी के बारे में जानकारी देते हुए कुन्सकैप्सकोलन एड्यूवैंचर इंडिया के सीईओ कुणाल भादो ने कहा कि कुन्सकैप्सकोलन में खेल व को-करिकुलर एक्टिविटी को स्टूडेंट्स की जिंदगी का हिस्सा बनाया जाता है। कुन्स शूटिंग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहता है, इसलिए स्कूल में इंटरनैशनल स्तर की शूटिंग अकैडमी शुरू की गई है। शूटिंग वर्कशॉप स्टूडेंट्स में छिपी हुई प्रतिभा को निखारेगी, जिससे देश को नए व प्रतिभाशाली शूटर मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शूटिंग खिलाड़ी का कंस्नट्रेशन लेवल बढ़ाती है व दिमाग को मजबूत बनाती है।

इस मौके पर प्रतिभाशाली गगन नारंग ने कहा कि हॉकी के बाद शूटिंग ओलिंपिक का सफल खेल है। भारत के शूटर जिस तरह से वर्ल्ड के सामने शूटिंग में प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे कुछ सालों बाद शूटिंग नई ऊंचाइयों पर होगा और देश की शान बनेगा। मैं गौरांवित महसूस कर रहा हूं कि युवा इस खेल में रुचि ले रहे हैं और स्कूल शूटिंग अकैडमी के रूप में उनको खेल की सुविधा दे रहे हैं।

कुन्सकैप्सकोलन इंटरनैशनल क्लाविटी एजुकेशन के उद्देश्य से शिक्षा के स्तर को देश विदेश में बढ़ा रहा है। अब तक 50 स्कूल देश विदेश में खोले जा चुके हैं। यह स्कूल स्वीडन, यूके व यूएसए के अलावा कई अन्य देशों में हैं। कुन्सकैप्सकोलन इंटरनैशनल डे बोर्डिंग स्कूल है जो कि 7 एकड़ में बनाया गया है। इस स्कूल में सीबीएसई करिकुलम छठी क्लास तक के लिए फोलो किया जाता है व क्लास 7 से ऊपर तक स्टडूटेंस सीबीएसई, कैंब्रिज व आईजीएससीई चुन सकते हैं।

# श्री राम स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**


पटौदी, 28 फरवरी। श्री राम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोड़ाकलां में विश्व विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न माड़ल पेश कर जहां अपनी वैज्ञानिक प्रतियोगिता का परिचय दिया वहां माडल देखने आए लोगों में भी विज्ञान के प्रति रूचि जागृत की।



प्रतियोगिता का उद्‍घाटन मुख्य अतिथि रायल पब्लिक स्कूल वजीरपुर के चेयरमैन डा. विजय सिंह तथा मेजबान विद्यालय के प्राचार्य डा. श्यामबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर डा. विजय सिंह ने विज्ञान दिवस की सभी को बधाई दी तथा कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में विज्ञान के ज्ञान के बिना सभी ज्ञान अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनियों से जहां लोगों में वैज्ञानिक समझ बढ़ती है वहां विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा का भी विकास होता है। इधर प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य, गणित तथा सामाजिक ज्ञान के अनेक माडल पेश किए।

प्रदर्शनी में कुछ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत राकेट के माडल, कैंसर के कारण एवं उससे बचाव के उपाय दर्शाता माड़ल, धुम्रपान से होनेवाल नुक्सानों को दर्शाता माडल, भूकम्प की पूर्व सूचना देने वाला माड़ल, गलोबल वार्मिंग तथा ग्रीन हाउस इफैक्ट को समझाने वाले माड़ल एवं काफी सराहे गए। इस अवसर पर एड्वोकेट राजेश चौहान, सुरेन्द्र यादव, डा. सतीश यादव, मनोज चौहान, कंवरपाल, राजबीर सिंह, शेर सिंह मन्जीत चौधरी, योगश चौहान, राकेश यादव, नगेन्द्र चौहान, जगरूप सिंह, मदन लाल, सरोज यादव, सुनीता चौहान, दीपक शर्मा, आशा यादव तथा अजय तलवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। इधर प्रदर्शनी में विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# टाटा पावर डिस्ट्रिब्यूशन ने आयोजित की संगम-एनजीओ मीट



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

नई दिल्ली, 28 फरवरी। महिलासषक्तिकरण को बढ़ावा देने की अपनी कोषिष के तहत टाटापावर दिल्ली डिर्स्ट्रिब्यूषन ने आज ''संगम-एनजीओमीट 2016'' का आयोजन किया जहां कंपनी के विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों खासतौर पर महिलाओं से संबंधित कार्यक्रमों की 2,000 से अधिक लाभार्थियों और साझेदार एनजीओ ने हिस्सा लिया। इस वर्श के एनजीओ मीट की थीम ''एंपावरिंग विमेन-राश्ट्र निर्माण के लिए थी।

टाटापावर दिल्ली डिर्स्ट्रिब्यूषन लिमिटेड ने सामुदायिक विकास और उत्तरी और उत्तर पर्षचिम दिल्ली के जेजे क्लस्टरों में रहने वाली अषिक्षित महिलाओं, छात्रों और युवाओं के जीवन में बदलाव लाने के लिए उन्हें षिक्षित करने, सषक्त बनाने के कई प्रयासों का संचालन किया है। इन प्रयासों से पिछड़े तबके के लोगों को लाभ हुआ है और उन्हें अपने सपने पूरे करने के लिए एक मंच मिला है। संगम-एनजीओ मीट 2016'' के दौरान मौजूद गणमान्य लोगों के अलावा श्री आलोक श्रीराम-पूर्व अध्यक्ष पीएचडीचैंबर और उप प्रबंध निदेषक, डीसीएम श्रीरामइंडस्ट्रीज, अनिल विरमानी, विरमानी ट्रस्ट और श्री प्रवीर सिन्हा, सीईओ एवंप्रबंध निदेषक, टीपीडीडीएल भी मौजूद रहे।

# पुलिस के जवानों ने अपनी जान हथेली पर रख कर 5 बच्चों को मौत के मुंह से निकला

**दिल्ली में दिल्ली पुलिस की दिलेरी। सागरपुर थाने के बहादुर पुलिस के जवान सम्मानित हो गए। नसीरपुर की जनता ने दिल्ली पुलिस की बहादुरी पर खुब तालीया पीटी। जनता के मुह से आज दिल्ली पुलिस के लिए हजारो दुवाए निकली। एसएचओ की टीम आग के गोले में 5 बच्चों की जान बचाने कूद गये। मौत के मुह से 5 बच्चों को बहार निकाला। बहादुर जवानो ने। खुद मौत के मुँह में कूद गए दिल्ली पुलिस के जवान मासूम बच्चों को बचाने।**

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

नई दिल्ली, राजधानी दिल्ली में पुलिस की खाकी पर हमेशा दाग लगते रहते है। दिल्ली के मुख्यमंत्री दिल्ली पुलिस को ठुला बता कर देश की पुलिस महक में भूचाल ला दिया था। लेकिन दिल्ली पुलिस के सागरपुर थाना पुलिस के जवानो ने दिल्ली पुलिस की खाकी पर लगे दाग को साफ करने की भर पुर कोशिश की है, और अपने लगे ठुला शब्द को चुनोती दे दी है ।

सागरपुर थाने एसएचओ बी आर सांखला, जगदीश कुमार, कास्टेबल श्याम सुन्दर, कास्टेबल प्रेम कुमार यादव, सिपाई नितेश कुमार, इन सभी पुलिस कर्मीयो ने अपनी जान खतरे में डाल कर 5 बच्चों की जान बचाई।

ये है दिल्ली के द्वारका विधान सभा के इलाके नसीरपुर में संथित पलाई की फैक्ट्री इस फेक्ट्री में आज सुबह गैस सलेण्डर ब्लास्ट से चार बच्चे अन्दर ही फसे गए ।चारो तरफ आग की तरह से सनसनी फेल गई, मौके पर फायर की तीन गाड़ी पहुँची , दिल्ली पुलिस के आलाधिकारी घटना की जाँच में जुट गए।

आग के गोले चारो तरफ दिख रहे है और अंदर फसे थे 6 मासूम बच्चे आग में चारो तरफ से फसे होने की खबर आ रही थी। दिल्ली पुलिस के बहादुर जवानो ने अपनी सुपर फास्ट सर्विस देते हुए और अपनी जान को हथेली पर रखते हुए सागरपुर थाने के एस एच ओ, बी आर सांखला, ह्यद्ध जगदीश कुमार , कास्टेबल श्याम सुन्दर, कास्टेबल प्रेम कुमार यादव, और सिपाही नितेश ने रस्से के सहारे से आग में कूदे ओर एक एक बच्चे को आग के मौत मुँह से निकाल कर नया जीवन बच्चों सहित परिवार को भी दिया।

हर कोई इन दिल्ली पुलिस के इन जवानो को अपनी दुवाए दे रहे है। साऊथ वेस्ट के डी सी पी, अडिशनल डी सी पी, सहित आलाधिकारियों ने ह्यद्धश टीम को बधाई दी। साथ ही 5 बच्चों की जान बचाने पर टीम की सराहना करते हुए पुलिस हैड ऑफिस से सभी जवानो को सम्मनित होने की फाइल आगे भेजी जागी।

OM SWEETS & SNACKS
OM SWEETS PVT. LTD.
GL-23, Shaheed Bhagat Singh Marg (Jail Road) Hari Nagar, New Delhi - 110 064
Tel.: +91 11 45782222-25
Arjun Nagar, Opp. Water Tank, Gurgaon - 122 001
Tel.: +0124 2324016, 2328298
S.C.F 65, Shopping Complex, Sec-14, Gurgaon - 122 001
Tel.: +0124 4082451/52/53, +0124 2330451
S.C.F 17, Main Market, Sec-31, Gurgaon - 122 001
Tel.: +0124 4271101/02/03
email : care@omsweets.in
website : www.omsweets.in

RNI NO. HAR HIN/2009/30622
गुड़गांव मेल
संपादक : अंजना बंसल
* समाचार संपादक : यादराम बंसल
[illegible]
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।

Ashiana Associates
Narender Yadav
M.: 9873923883, 9811457296 Ph.: 0124-4007383
Off.: 148, GF, South City-II, Opp. Park Hospital, Gurgaon-122002
E-mail : ashianaassociates@yahoo.com Website : www.ashiyana.co

Praveen Sharma
Advocate
9810289057
9350345041
UNITECH LTD.
SPAZE
Dream Homz
PROPERTY CONSULTANTS
Deals In : DLF, Ansals & All Huda Sectors
Shop No. 115, 116, South City-I Arcade, Gurgaon-122001
E-mail : dreamhomz_dreamhomz@yahoo.co.in

G.K. INDUSTRIES
Mfrs. of : Argon & Co2 Gas
Gulshan Papreja
M.: 9810122219
Off.: 0124-2334283, 2326931 Fax : 0124-4267219
B-28, I.D.C., Mehrauli Road, Gurgaon-122001
E-mail : geekay.ind@gmail.com

NOTE BOOKS & REGISTERS
COMPANION
BUY 5 & GET 1 FREE
BUY 10 & GET 3 FREE
ONLY AT
CHINAR ENTERPRISES
CHINAR HOUSE, 10/2, GOPAL NAGAR, GURGAON
PH. 0124-4065890, 2324890

### आवश्यक सूचना

गुड़गांव मेल का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले, क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

Since 1951
Sham SWEETS
A unit of Sham Sweets, Gurgaon
Delivery Only On Request
Outlets
Shop no.54, Sushant Lok - I, Gurgaon. Ph.: 4040031, 4040032
Delhi Road, Near Telephone Exchange Gurgaon. Ph.: 2315688, 2325588, 2335588, 4083039
Sadar Bazar, Gurgaon Ph.: 2322501, 2329501, 2305605
for any query, complaint, suggestion and bulk order, contact manager at 9212141501
or
mail us at : shamsweets@gmail.com
WE SOLICIT YOUR OUTDOOR CATERING NEEDS

NUTECH ENTERPRISES
Specilist in Transformer design.
Since 1990
Authorised Distributer
Microtek Invertor & Batteries
MICROTEK
Tel. : 0124 - 2302625, 9311375470
Authorised EXIDE Distributer
KARTIK BATTERY HOUSE
9811375470
Email : kartikbatteryhouse09@yahoo.in

# झिरका : केंद्र मंत्री राव इंद्रजीत की मदद से बनी गौशाला शुरू

**मुकेश गोयल/गुड़गांव मेल**

फिरोजपुरझिरका,27 फरवरी। प्रदेश सरकार गौ रक्षा को लेकर कठोर कानून बना चुकी है, यही नही गौ संर्वधन को लेकर पुरानी गौशाला का नवनिर्माण कराया जा रहा है। उक्त बातें मेवात के अतिरिक्त उपायुक्त मनीराम शर्मा ने मेवात क्षेत्र गौशाला समिति में एमपी कोटे से बनने वाली पांच लाख रूपए की लागत से बनी टीन शैड का उद्घाटन के अवसर पर मौजिज लोगों को सम्बोधित करते हुए कहे।




अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गौ सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। इसके लिए इलाके के लोग जो सेवा उनके जिम्मे देंगे वो पूरी करेंगे यही नही इलाके में गौशाला को सर्मद्ध रखने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। यही नही हर नागरिक का यह फर्ज बनता है कि पहली रोटी गाय माता के लिए निकाले। क्योकि गाय के अंदर करोड़ देवी देवता निवास करते है।

नगर की गौशाला प्रधान जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि नगर की इस गौशाला में 577 गाय व छोटे बछड़े इत्यादि रहते है। जो दिन में विचरने के लिए पहाड़ों पर जाते है और जो गाय कमजोर होती है उसे यही पर चारा दिया जाता है। गौशाला समिति के संरक्षक राकेश जैन ने कहा कि नगर के युवा निस्वार्थ भाव से सेवा देकर बिमार गायों का ईलाज कर पुन्य कमा रहे है। यहां केवल पुलिस के द्वारा गौ तस्करों से पकड़ी कमजोर व बिमार गायों को लाया जाता है। फिर भी नगर के दानी लोग इस गौशाला में अपना धन व समय देकर इस पुन्य के काम को आगे बढाने में लगे हुए है। इससे पूर्व मनीराम शर्मा अतिरिक्त उपायुक्त ने 5 लाख रूपए से बनी टीन शैड का उद्घाटन किया और गौशाला का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार चेतराम शर्मा, डा. महेंद्र गर्ग, राजकुमार गर्ग, डा. वेद माहेश्वरी, ब्रहामण सभा के अध्यक्ष महेंद्र कौशिक, राजकुमार शर्मा, जयकिशन शर्मा, मोहन गोयल एडवोकट, विनोद बंसल, मित्रसेन आर्य, अरविंन्द आर्य, जगननाथ वसीका नवीस, बलराज सेठी सहित काफी संख्या में इलाके के मौजिज लोग मौजूद थे।

> भाजपा नेता राकेश जैन का इस गौशाला निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। वे गौशाला प्रेमियों को राव इंद्रजीत के पास ले गए और केंद्रीय मंत्री ने अपने संसदीय कोष से इसके निर्माण के लिए पांच लाख रूपए दिये थे। यह गौशाला इस इलाके में आवारा गायों और पुलिस द्वारा पकडी जाने वाले बेसहारा गायों का पालन कर सकेगी। इलाके में राव इंद्रजीत के इस योगदान की प्रशंसा की जा रही है।

# आंदोलनकारियों को मिले सजा, पीडितों को मुआवजा

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 28 फरवरी। जाट आरक्षण की आंड में आंदोलनकारियों द्वारा मचाए गए उत्पात से बिंगड़े आपसी भाईचारे को फिर से बनाने के लिए सभी लोगों इसकी पहल कर रहे हैं इसी कड़ी में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई जिसमे सर्वसमिति से निर्णय लिया कि भाजपा कार्यकर्ता आपसी भाईचारे को बनाए रखने में हर सम्भव सहयोग करेंगें।



बैठक में मौजूद बाली पंडित, सुभाष चंद सुखराली, रमेश सिंह तंवर, माईकल सैनी आदि कार्यकर्ताओं ने जाट आरक्षण के दौरान हुई हिंसा व आगजनी की घटनाओं की निंदा करते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द पीड़ित परिवारों को मुआवजा दे और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो ताकि पीडितों को न्याय मिले और आपसी भाईचारे को बढावा।

उन्होंने कहा कि कुछ नेता जातिवाद की राजनीति कर लोगों मे आपसी जहर घोल रहे है क्योकि ऐसी ब्यानबाजी से लोगों में आपसी दुरियां बढेगी और भाईचारा समाप्त होगा इस लिए सभी राजनीतिक दल के नेता एक दुसरे पर ब्यानबाजी करने की बजाए एक साथ रहने पर बल दे यही सभी का लक्ष्य है।

# निगम व हुडा अधिकारी हर वार्ड में पानी पहुंचाए : शशि दुआ

**मौ. जावेद/ गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 28 फरवरी। साईबर सिटी गुड़गांव में पानी के हिलए मचे हाहाकार के चलते जहां शहर के लोग अधिकारियों को कोष रहे हैं वही पार्षद भी जनता के साथ खड़े हो गए हैं। इनेलो शहरी अध्यक्ष एवं निगम पार्षद शशि दुआ का कहना है कि पिछले कई दिनों से शहर के हर वार्ड में पानी के लिए जनता त्राहि-त्राहि कर रही हैं लेकिन निगम व हुड्डा विभाग के कर्मचारी लोगों को पीने का पानी मुहैया कराने में विफल साबित हो रहा हैं जिससे लोगों में सरकार के प्रति भारी रोष हैं।



उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं के प्रति बिलकुल गम्भीर नही हैं। शहर के लोग पिछले कई दिनों से पाने के पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं लेकिन प्रशासन ने लोगों की प्यास बुझाने व उन्हें पानी मुहैया कराने के लिए कोई उपाय नही करा हैं और निगम व हुड्ा विभाग के जो ट्रैक्टर कोलोनी व सैक्टरों में पानी ले जा रहे हैं वे आम जनता को देने की बजाए उंची पहुंच वालों के घर डाल रहे हैं जिससे लोगों में प्रशासन के खिलाफ और रोष बढ रहा हैं।

> पिछले कई दिनों से शहर के हर वार्ड में पानी के लिए जनता त्राहि-त्राहि कर रही हैं लेकिन निगम व हुड्डा विभाग के कर्मचारी लोगों को पीने का पानी मुहैया कराने में विफल साबित हो रहा हैं जिससे लोगों में सरकार के प्रति भारी रोष हैं।

उन्होंने कहा कि सोमवार तक जिला प्रशासन ने शहर की सभी वार्डो में पीने के पानी नही पहुंचाया तो वे निगम व हुड्ा विभाग के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगें क्योकि जनता की हर मांग को पूरा करना व सोए अधिकारियों को जगाना उनकी पहली प्राथमिकता हैं।

# अब कृषिमंत्री ओमप्रकाश धनखड़ को झेलनी पड़ी पीड़ितों की नाराजगी

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

झज्जर, 28 फरवरी। रविवार को कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ हिंसा पीड़ितों से मिलने पहुंचे तो लोगों ने दरवाजे बंद कर लिए। यह घटना है झज्जर की छावनी मोहल्ले का, जहां लोगों ने धनखड़ को खुले तौर पर कह दिया कि उन्हें आपके सहयोग व हमदर्दी की जरूरत नहीं है।

जाट आंदोलन की हिंसा के दौरान झज्जर की छावनी मोहल्ले में उपद्रवियों ने घर में घुसकर लोगों से न केवल जमकर मारपीट की गई थी, बल्कि चार लोग इस घटना में मारे भी गए थे। हिंसक आंदोलन के पांच दिन बाद रविवार को कैबिनेट मंत्री ओपी धनखड़ पांच दिन बाद झज्जर में पीड़ितों से मिलने पहुंचे तो लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर दिए गए।

बच्चे, बूढ़े, जवान यहां तक कि महिलाओं ने कैबिनेट मंत्री का जमकर विरोध किया। इतना ही नहीं कृषि मंत्री से कहा, गो बैक धनखड़। हमें आपके सहयोग व हमदर्दी की आवश्यकता नहीं है। लोगों के इस बर्ताव के बाद मंत्री बेबस नजर आए। दूसरी तरफ हरियाणा के कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने लोगों के विरोध करने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोगों की नाराजगी जायज थी। लोगों ने सरकार से जो अपेक्षा की थी, उसमें कमी रही है। मंत्री ने कहा कि लोगों को पूरा मुआवजा दिया जाएगा।

**अपनी एक माह की तनख्वाह दी**

उधर हरियाणा के कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने पिछले दिनों जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए आज उन्होंने अपना एक माह का वेतन देते हुए सभी को पीड़ितों की आर्थिक सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया।

कृषि मंत्री द्वारा दिए गए वेतन की पहल पर झज्जर स्थित कार्यालय में बुलाई गई सर्वजातीय बैठक में उपस्थित व्यक्तियों ने भी सहयोग राशि दी है। उन्होंने झज्जर में महापुरूषों की प्रतिमा को खंडित होने से स्वयं को आहत बताते हुए कहा कि इनका पुन:निर्माण वे अपनी ऐच्छिक निधि से करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि झज्जर जिले की 36 बिरादरी एक है और एक रहेगी। हाल ही में घटित हुई दुर्भायपूर्ण घटना से हम आहत हैं किंतु अब मिलकर दोबारा भाईचारा कायम रखेंगे और शांति बहाली में सभी सक्रिय रूप से आगे आएंगे। उन्होंने कहा कि समाज की एकता के लिए वे तत्पर हैं और समाज को विघटित करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगों से अपील की है कि जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में एकजुटता दिखाएं और भाईचारा बनाए रखें।

